

**इफ्तार**
शनिवार
सुन्नी : 6:09
शिया : 6:19

**सहरी**
रविवार
सुन्नी : 5:16
शिया : 5:10

## न्यूज ब्रीफ

### बारात घर से बाइक चोरी, रिपोर्ट

**बिलसंडा, अमृत विचार** : मोहल्ला मदन मोहन कॉलोनी निवासी सुमित त्रिवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 19 फरवरी की रात साढ़े नौ बजे ज्वाला मैरिज लॉन में वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए थे। पार्किंग में बाइक खड़ी कर दी थी। कुछ देर बाद खाना खाकर बाहर आए तो बाइक नहीं थी। काफी तलाशने के बाद भी बाइक का कुछ पता नहीं चल सका। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट कर ली गई है। सुरागरसी करा रहे हैं।

### वृद्धा की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार** : दियोरिकलां कटैया गांव की निवासी रामवती पत्नी रनजीत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे मां लीलावती के साथ जा रही थी। कस्बा बिलसंड में गोला रोड पर एसबीआई बैंक के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिसमें इलाज के दौरान मां लीलावती की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### गोशाला में लगी आग मची खलबली

**बिलसंडा, अमृत विचार** : मोहल्ला देवस्थान निवासी बलवीर कश्यप की गोशाला में आग लग गई। धुंआ उठता देख मोहल्ले के लोग पहुंचे और बमुश्किल आग बुझाई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। फिलहाल ग्रामीणों की सूझबूझ से मवेशियों को सुरक्षित बचा लिया गया। छप्पर समेत गोशाला में रखा पंपिंग सेट, चारपाई, बिस्तर, भूसा, दुकान का खोखा आदि जल गए।

# 26.59 करोड़ से बनेगा कंपोजिट मॉडल स्कूल

## प्रथम किस्त के रूप में 9.30 करोड़ रुपये का बजट आवंटित, कक्षा एक से 12 तक की कराई जाएगी पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय का भवन।

**अमृत विचार** : बच्चों को एक छत नीचे कक्षा एक से 12वीं तक की शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से जिले में एक और कंपोजिट मॉडल स्कूल की स्थापना कराई जा रही है। यह स्कूल दियोरिया कलां क्षेत्र में बनेगा। जबकि पहला स्कूल कुठिया रते में निर्माणाधीन है। शासन प्रथम किस्त के रूप में 9.30 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। बजट मिलने के बाद इसके निर्माण की तैयारियां शुरु कर दी गई हैं।

शासन के निर्देश पर अब आंगनबाड़ी केंद्र, प्री-प्राइमरी से लेकर इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं अब एक छत के नीचे संचालित कराने का प्रस्ताव पास किया गया था। इसी क्रम में जिले में दो मॉडल स्कूल की स्वीकृति मिली थी। पहला मॉडल स्कूल

- पहला मॉडल स्कूल मरौरी ब्लॉक के कुठिया रते और दूसरा बिलसंडा ब्लॉक के दियोरिया कलां में बनेगा

मरौरी ब्लॉक के कुठिया रते और दूसरा बिलसंडा ब्लॉक के दियोरिया कलां में बनेगा। कुठिया रते गांव में पांच एकड़ जमीन पर इस स्कूल का निर्माण चल रहा है। अब बिलसंडा ब्लॉक के दियोरिया कला गांव में दूसरे स्कूल के लिए चिन्हित की गई है।

### 80 शिक्षकों की होगी तैनाती

मॉडल स्कूल के संचालन के लिए तैयारियां शुरु कर दी गई है। जिले में यह पहला स्कूल बन रहा है। जहां एक साथ दो हजार से अधिक बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे। यहां प्री प्राइमरी के अलावा 12वीं तक की कक्षाओं का संचालन होगा। जहां करीब 80 से अधिक शिक्षक तैनात किए जाएंगे। इस योजना के पीछे शासन की मंशा है कि बच्चे को एक छत के नीचे ही उसे पूरी प्रारंभिक शिक्षा मिल सके। अभी तक बच्चों को स्कूल बदलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अन्य ब्लॉक में भी जमीन देखी जा रही है।

> प्री-प्राइमरी से इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं मॉडल स्कूल में एक छत के नीचे संचालित होंगी। मरौरी ब्लॉक के बाद दियोरिया कला गांव पांच एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। शासन की ओर से 26 करोड़ 59 लाख का बजट स्वीकृति किया गया है। इसके सापेक्ष पहली किस्त के रूप में 9 .30 करोड़ का बजट मिल चुका है। जल्द ही इस पर भी काम शुरू कराया जाएगा। जिले में इस योजना के माध्यम से दो विद्यालय मिले हैं।
> – रोशनी सिंह, बीएसए

कुठिया रते के लिए 22 करोड़ का बजट मिला था। जिसमें पहली किस्त के रूप में 11 करोड़ 79 लाख रुपये का बजट मिला है। जबकि दियोरिया कला में बनाए जा रहे स्कूल के लिए 26 करोड़ 59 लाख का बजट स्वीकृति किया गया है। जगह चिन्हित होने के बाद शासन की ओर से निर्धारित किए गए बजट की धनराशि से 9.30 करोड़ का बजट मिला। इस स्कूल में हिंदी के साथ अंग्रेजी माध्यम से कक्षाएं संचालित होंगी।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं उत्तर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से आयोजित होंगी। बाकी कक्षाओं का संचालन बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा कराया जाएगा। स्कूल में छोटे बच्चों के लिए स्कूल परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित होगा।

इसके साथ ही कक्षा एक से पांच तक प्राथमिक और कक्षा छह से 12वीं तक माध्यमिक विद्यालय स्तर की कक्षाओं में छात्र-छात्राएं एक विद्यालय परिसर में शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इस स्कूल में करीब 70 से अधिक कमरे बनाए जाएंगे। साथ ही शौचालय, बाथरूम, इत्यादि कक्षों का भी निर्माण कराया जाएगा। इनके अलावा एक हॉल और खेल का मैदान भी बनेगा। इसके लिए पांच एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है। इसका निर्माण जल निगम से कराया जाएगा।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन


सम्मानित किए गए स्वयंसेवकों संग कॉलेज स्टाफ। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार**: राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी सुधीर कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या अलका मेहरा ने की। अतिथियों का स्वागत किया।

शिविर के दौरान आत्मरक्षा प्रशिक्षण, योग एवं ध्यान, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, कौशल विकास, स्वच्छता एवं साक्षरता अभियान कराए गए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज से जोड़कर उनमें नेतृत्व, अनुशासन और सेवा की भावना विकसित करती है। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को पुरस्कार वितरित किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सभी कार्यक्रम डॉ. चंद्र प्रभा गंगवार, डॉ. महेन्द्र पाल, डॉ. रोहित पटेल के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस मौके पर राजेन्द्र कुमार, चुन्नीलाल, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण के नाम पर निकाली जा रही चुनावी रंजिश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पूर्व प्रधान ने एक दिन पूर्व हुई कार्रवाई पर उठाए सवाल

**अमृत विचार**: एक दिन पूर्व शिकायत के आधार पर नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में कुछ स्थानों से अतिक्रमण हटाने का दावा किया गया था। दूसरे दिन इस कार्रवाई पर सवाल उठाए गए हैं। पूर्व प्रधान ने डीएम से शिकायत की है। जिसमें चेयरमैन व उनके पति द्वारा राजनीतिक रंजिश में उसकी दुकान की शिकायत कराकर गलत तरीके से जीना व दीवार जेसीबी से तुड़वाने का आरोप लगाया है।

सुनगढ़ी क्षेत्र के नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के निवासी अशरफ अली ने डीएम से की शिकायत में बताया कि जब नौगवां पकड़िया ग्राम पंचायत थी, उस वक्त वह प्रधान रहे हैं। 2023 में उनकी पत्नी निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं। करीब तीन दशक पहले उन्होंने क्षेत्र में एक दुकान सुरेश से खरीदी थी। उसी में काम कर रहे थे। दुकान पीडब्ल्यूडी के रोड से करीब 30 फिट पीछे बनी है। इस रोड का नगर पंचायत से कोई लेना-देना नहीं है। आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष ने उनकी दुकान को तोड़ने का प्रयास पूर्व में किया था।

नगर पंचायत अध्यक्ष और उनके पति चुनावी रंजिश रखते हैं। उनकी फर्जी शिकायत कराकर 19 फरवरी को नगर पंचायत अध्यक्ष, ईओ, नायब तहसीलदार की उपस्थिति में बिना नाप व सूचना दिए मनमाने ढंग से अवैध रूप से दुकान का जीना और दीवार गिरा दिया है। आरोप है कि राजनीतिक रूप से उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# क्रीड़ा समारोह में छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**बिलसंडा, अमृत विचार**: हेमपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी सुधीर कुमार चौहान, विशिष्ट अतिथि संजीव श्रीवास्तव रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके शुरुआत कराई। छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास के साथ व्यक्तित्व का विकास भी होता है। मशाल रिले कराई गई। दौड़ प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित किए गए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद्रा, डॉ. नरेंद्र कुमार बत्रा, डॉ. वेदप्रकाश, डॉ. दिनेश कुमार, अनुजा अग्रवाल, सुरेंद्र प्रताप सिंह, अर्जुन राजीव कुमार, अमरजीत, मयंक आदि मौजूद रहे।

# परीक्षा केंद्रों के साथ बीएसए ने देखीं स्कूलों की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


निरीक्षण के दौरान बच्चों से संवाद करती बीएसए रोशनी सिंह। ● अमृत विचार

- पतझड़ की गंदगी देख बोलीं- स्कूल शिक्षा का मंदिर, रखें स्वच्छ
- कक्षा 8 की छात्रा गौरी की प्रस्तुति को सराहा, उपहार में दिया पेन

**अमृत विचार**: माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के तीसरे दिन बीएसए रोशनी सिंह ने पांच परीक्षा केंद्रों पर छापा मारकर जायजा लिया। परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से चलती मिली।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने सबसे पहले जहानाबाद इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया, यहां परीक्षाएं शांतिपूर्वक चल रही थी। जहानाबाद के ही नेशनलपब्लिक कॉलेज, गुरु नानक इंटर कॉलेज मुरलिया भैंसहा, राजकीय इंटर कॉलेज अमरिया, एसजीटी इंटर कॉलेज बड़ेपुरा के परीक्षा केंद्र का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उसके बाद बीएसए प्राइमरी स्कूल बड़ेपुरा पहुंची। स्कूल में पतझड़ की गंदगी देखकर बीएसए ने शिक्षकों से नाराजगी जताई। कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है इसकी साफ सफाई नियमित की जाए।

स्कूल का वातावरण आकर्षक बनाया जाए। जिससे बच्चों का झुकाव और आकर्षण स्कूल की ओर बढ़े। स्कूल के बच्चों से संवाद कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जाना। उसके बाद बीएसए कंपोजिट स्कूल पहुंची, जहां कक्षाएं संचालित मिली। कक्षा छह की कक्षा के अंदर जब बीएससी पहुंची तो बच्चे पहले सकपका गए। फिर जब बीएसए ने बच्चों से बात की और दुलारा तो झिझक दूर हुई।

मिड डे मील के बारें में पूछने पर बच्चों ने बताया कि तहरी बनी है, जोकि अच्छी बनी है। कंपोजिट स्कूल माधोपुर फरदिया पहुंचने पर इंटरवल चल रहा था। बिना किसी झिझक के बीएसए से बच्चों ने नमस्ते का अभिवादन किया। जब बच्चे उन्हें पहचान गए तो पूछने पर बच्चों ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आयोजित बाल उत्सव कार्यक्रम के दौरान उन्होंने साथ में सेल्फी भी ली थी। बीएसए ने बच्चों से देशभक्ति गीत, कविता कहानी सुनी। कक्षा कक्षा आठ की छात्रा गौरी ने देश भक्ति गीत डांस के साथ प्रस्तुत किया। इस पर उसकी सराहना की गई। बीएसए ने छात्रा को पेन उपहार में दिया।

# संगठन के हित में कार्य करना ही सर्वोपरि


व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ युवा इकाई के सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- व्यापार मंडल के युवा विंग का किया विस्तार, दिलाई शपथ

**अमृत विचार**: उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की युवा इकाई का विस्तार करते हुए शुक्रवार को कई नए व्यापारियों को संगठन से जोड़ा गया। युवा विंग जिलाध्यक्ष शैली शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

जिलाध्यक्ष एमए जिलानी ने नए पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें निजी व्यवसाय के साथ व्यापार मंडल के लिए भी समय निकालना चाहिए। संगठित रहने से न केवल हमारे व्यापार की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान भी कर सकते हैं। दायित्व मिलने के बाद हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू ने नवनियुक्त साथियों का स्वागत किया। कहा संगठन के हित में कार्य करना सर्वोपरि है। यहां ऋषभ सिंह, रजी अंसारी, ताबिश ,अभिलाष गुप्ता, हर्षित गंगवार, राजेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# चारा लेने गए ग्रामीण की करंट से मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार**: चारा लेने गए ग्रामीण की करंट लगने से मौत हो गई।सूचना पर पुलिस ने जानकारी की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसा जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव परेवा वैश्य में हुआ। बताते हैं कि यहां के रहने वाले नाथू सिंह गुरुवार शाम जानवरों के लिए चारा लेने खेत पर गए थे।

इस दौरान हाईटेंशन लाइन के झूलते तार से उन्हें करंट लग गया। जिसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर बाद भी उनके घर न आने पर परिवार वाले तलाशते हुए पहुंचे। इस दौरान खेत में शव मिला। परिवार में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। जिसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने झूलते तारों की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान में 2325 परीक्षार्थी अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


परीक्षा देकर बाहर निकलती छात्राएं। ● अमृत विचार

- दो पालियों में कराई गई परीक्षा निगरानी रही सख्त

**अमृत विचार** :यूपी बोर्ड परीक्षा के तीसरे दिन शुक्रवार को पहली पाली में हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान और इंटरमीडिएट के वैकल्पिक विषय का पेपर कराया गया। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में अंग्रेजी विषय का पेपर हुआ। दोनों पालियों में 2325 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 39,847 ने परीक्षा में हिस्सा लिया।

जिलेभर में 69 परीक्षा केंद्रों पर तीसरे दिन भी परीक्षा कराई गई। शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राम इंटर कॉलेज, वीरांगना अवंती बाई इंटर कॉलेज, एस एन इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल इंटर कॉलेज, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज समेत अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ जुटना शुरु हो गई। परीक्षा शुरु होने से आधा घंटा पहले परीक्षार्थियों को चेकिंग के बाद प्रवेश दिया गया। पहली पाली में हाईस्कूल के सामाजिक विज्ञान और इंटर में कृषि की परीक्षा कराई गई। हाईस्कूल में 23061 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 21635 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 1426 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं इंटर के वैकल्पिक विषय कृषि में 572 में 549 ने परीक्षा दी, जबकि 23 गैरहाजिर रहे। परीक्षा साढ़े आठ बजे से पौने 12 बजे तक कराई गई। परीक्षा के दौरान ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए कंट्रोल रुम से शहर के कई केंद्रों को ऑनलाइन चेक किया गया।

इस दौरान कहीं भी कोई गड़बड़ी नहीं मिली। सेक्टर, जोनल और डीआईओएस ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट का अंग्रेजी का पेपर हुआ। इसमें कुल 18521 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे, जबकि 17663 ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। 876 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्रों पर पुलिस बल भी तैनात रहा।

### फिजिक्स और फिजिकल एक्टिविटी की परीक्षा में 11 विद्यार्थी अनुपस्थित

**पीलीभीत, अमृत विचार** : सीबीएसई बोर्ड की शुक्रवार को 12वीं में फिजिक्स और 10वीं फिजिकल एक्टिविटी की परीक्षा हुई। इसमें सात परीक्षा केंद्रों पर 11 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी, जबकि 1056 शामिल हुए। जिले में सात परीक्षा केंद्रों पर 12वीं क्लास के परीक्षार्थियों का फिजिक्स का पेपर कराया। पहली पाली में सुबह 10 :30 बजे से केंद्रों पर परीक्षा शुरू हुई। शहर के बेनहर पब्लिक स्कूल, सेंट अलॉयसियस कॉलेज और लायंस बाल विद्या मंदिर स्कूल परीक्षा केंद्र के बाहर 10 बजे से ही परीक्षार्थियों की भीड़ जुटना शुरु हो गई थी। इन केंद्रों पर कुल 550 पंजीकृत थे, जिसमें 543 उपस्थित रहे, जबकि 07 ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह पूरनपुर तहसील क्षेत्र में सेंट जोसेफ स्कूल, लकी चिल्ड्रन स्कूल और स्वामी एजुकेशनल स्कूल में परीक्षा केंद्र बना है। यहां 288 के सापेक्ष 286 ने परीक्षा दी। दो गैरहाजिर रहे। बीसलपुर तहसील में मदर पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र में 109 में 108 ने परीक्षा दी। यहां भी एक परीक्षार्थी गैरहाजिर रहा। 10वीं में फिजिकल एक्टिविटी का पेपर कराया गया। जोकि पूरनपुर के लकी चिल्ड्रन स्कूल और मदर्स पब्लिक स्कूल में कराई गई। जिसमें 120 में 119 उपस्थित रहे। एक गैरहाजिर रहा। गेट पर ड्यूटी में लगे शिक्षकों ने चेकिंग के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया। बोर्ड की ओर से निर्धारित समय पर पेपर शुरू हुआ। परीक्षा के दौरान किसी के पास कोई नकल नहीं मिली। फिजिक्स के पेपर में कई उलझाने वाले सवाल परीक्षार्थियों को परेशान करते रहे। पेपर कठिन आने से परीक्षार्थी चिंतित दिखे। सिटी कोऑर्डिनेटर एनसी पाठक ने बताया कि 7 परीक्षा केंद्रों पर 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# 50 गन्ना किसानों को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया शाहजहांपुर

- यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज साहू ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

संवाददाता, बरखेड़ा



बस को झंडी दिखाकर रवाना कराते मिल अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल के द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत क्षेत्र के 50 गन्ना कृषकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण ग्रहण करने के लिए बस से भेजा गया। यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज साहू ने हरी झंडी दिखाकर बस को गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर के लिए रवाना कराया।

इस दौरान केन हेड प्रदीप राठी समेत चीनी मिल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। यूनिट हेड ने बताया कि यह प्रशिक्षण गन्ना उत्पादन की उन्नत तकनीकों, नवीन प्रजातियों, कीट एवं रोग प्रबंधन और अधिक उत्पादन प्राप्त करने की आधुनिक विधियों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

### मिल बंदी का अंतिम नोटस भेजा

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल बरखेड़ा द्वारा मिल बंदी का तृतीय अंतिम नोटस 22 फरवरी का सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड को भेज दिया है। यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि पिछले 10 फरवरी से गेट व वाह्य क्रय केन्द्रों पर खुली खरीद की जा रही है। इसके बावजूद भी चीनी मिल को प्रयाप्त गन्ना नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण पेराई कार्य बाधित हो रहा है। अत : क्षेत्र के समस्त किसानों से अनुरोध है कि 22 फरवरी दिन रविवार तक आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर दें।

# कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : कोर्ट के आदेश पर सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने क्षेत्र के एक ग्रामीण की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें पीड़ित ने बताया कि जनवरी 2026 में वह पत्नी व छोटे भाई के साथ मेरठ में मजदूरी करने गए थे। उनकी दो नाबालिग बेटियां घर पर दादा-दादी के साथ रह रही थीं। 21 जनवरी को दोनों बहनें गांव में मजदूरों के साथ मटर तोड़ने गई थीं। आरोप है कि वहां शकुन्तला देवी, मीरा देवी, अनिल कुमार और ज्योति से विवाद हो गया। इस दौरान आरोपियों ने एक पुत्री से मारपीट की। उसके कपड़े फाड़ दिए। आरोप है कि अनिल कुमार ने गन्ने के खेत की ओर ले जाने का भी प्रयास किया। घटना से आहत होकर पुत्री नहर में कूदने चली गई, लेकिन लोगों ने बचा लिया। बाद में घर पहुंचकर उसने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया लेकिन उस वक्त कार्रवाई नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# आंदोलन की घोषणा पर शिक्षकों ने जताई सहमति

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


ब्लॉक संसाधन केंद्र मरौरी में हुई बैठक में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

- शिक्षक संगठन टीईटी अनिवार्यता के विरोध में हुए एकजुट
- मरौरी ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बैठक में किया विचार-विमर्श

**अमृत विचार**: ब्लॉक संसाधन केंद्र मरौरी पर शुक्रवार को संयुक्त मोर्चा (टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया) के बैनर तले प्रदेश आह्वान पर जिले के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों के शिक्षकों की टीईटी अनिवार्यता के विरोध में बैठक हुई। जिसमें सभी ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आन्दोलन की घोषणा पर सहमति जताई।

बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संरक्षक भद्रपाल गंगवार ने की। उन्होंने कहा कि अब लड़ाई को अंजाम तक ले जाना है। सभी ने कन्धे से कन्धा मिलाकर चलने का निर्णय लिया। इसके तहत आगामी 22 फरवरी को दोपहर एक बजे से चार बजे के बीच एक्स ,ट्वीटर पर चलने वाले हैशटैग अभियान को सफल बनाना है। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालकरन ने बताया कि 23 फरवरी से 25 फरवरी तक सभी शिक्षक विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे।

26 फरवरी को दोपहर एक बजे से पांच बजे तक जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय पर धरना देने के बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को प्रषित किया जाएगा। इसके बाद मार्च के तीसरे सप्ताह में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करके ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में टीईटी की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों में रोष देखा गया। प्रांतीय आह्वान पर चरणबद्ध तरीके से अपनी बात केंद्र सरकार तक पहुंचाने के हर संभव पहुंचाने प्रयास किए जाएंगे।

इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के दयाशंकर गंगवार, उमेश गंगवार, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालकरन, बाबूराम, देवेंद्र कन्हैया, यूटा के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा, आराधना कश्यप, मोहम्मद अकरम, अंकित भारती, केके सागर, मोहम्मद मियां वारसी, विमल कुमार, जितेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, सन्तोष पासवान, रामौतार, पंकज गैंगवार, जोगेंद्र कुमार, संतोष गंगवार, अमनदीप, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष मुकेश अवस्थी, नीरज पाल, प्रेमपाल, रामप्यारे राम आदि मौजूद रहे।

## शहर में आज

- उपाधि कॉलेज में रोजगार मेला सुबह 10 बजे से।
- जिले की समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस सुबह 10 बजे से।
- कस्बा बिलसंडा में गोला रोड व्यापार मंडल की ओर से रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे से।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम ईदगाह कांशीराम आवास में हवन दोपहर 12 बजे से।
- एआरटीओ कार्यालय में परिवहन मेला सुबह 10 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण को लगा करंट, सीएचसी में भर्ती

**बीसलपुर, अमृत विचार :** डोरी पर कपड़े फैला रहे ग्रामीण को करंट लग गया। बता दें कि ग्राम नवदिया सितारगंज निवासी सुखलाल कपड़े धोने के बाद घर में बंधी हुई डोरी पर कपड़े सूखने को डाल रहे थे। इसी दौरान पास से गुजर रहे बिजली के कटे हुए तार में उनका हाथ टच हो गया और करंट लगने से वह झुलस गए। परिजन ने उन्हें सीएचसी भर्ती कराया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही क्षेत्र के गांव जिंदपुरा निवासी शहबाज बाइक से बीसलपुर आ रहे थे। ग्राम रोहनिया के पास पहुचते ही बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। सीएचसी से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस को सूचना दी गई है।

### ई-रिक्शा पलटने से तीन लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** दियोरिया से सवारी लेकर बीसलपुर आ रहा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। बता दें कि ग्राम जसौली निवासी ओम प्रकाश ई रिक्शा चलाते हैं। वह शुक्रवार को दियोरियाकलां से सवारी लेकर आ रहे थे। माधवपुर निवासी सोनी देवी पुत्री प्रशांत, मकरंदपुर निवासी स्वाती देवी पुत्री विजय पाल भी बैठी हुई थी। मानपुर तिराहे के पास पहुंचते ही ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें तीनों घायल हो गए। सीएचसी से ओमप्रकाश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# टेंडर में खेल करने के लिए लगाए गए फर्जी हस्ताक्षर के स्टांप

## जिला पंचायतः अधिकारियों पर चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए गड़बड़ी करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचारः** जिला पंचायत में विवादित रही टेंडर प्रक्रिया के बाद अब एक और संगीन आरोप सामने आया है। एक ठेकेदार को वंचित कर दूसरों को लाभ दिलाने के लिए फर्जी स्टांप व फर्जी हस्ताक्षर वाले प्रार्थना पत्र का इस्तेमाल भी किया गया था। एसपी से हुई शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम मथना जप्ती के रहने वाले पवन दीप सिंह पुत्र बलवीर सिंह ने बताया कि वह वर्ष 2014 से जिला पंचायत में ठेकेदारी कर रहे हैं। उन्होंने ई-निविदा 12 दिसंबर 2025 के अनुसार ई-टेंडर क्रम संख्या 1, 2, 3, 34 और 154 के निर्माण कार्य के लिए नियमानुसार प्रस्तुत किया। उनके पक्ष में क्रम संख्या 3 का टेंडर स्वीकार हो गया और बाकी चार टेंडर 19 जनवरी 2026 को नॉन रिस्पॉन्सीम रिजेक्टेड टेक्निकली लिखकर निरस्त कर दिया गया। जब ई-टेंडर विभाग से मोबाइल पर मेसेज आया कि उनके चार टेंडर टेक्निकल डूबेलूएशस के




तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। विवेचना कराई जा रही है। साक्ष्य के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
– **सत्येंद्र कुमार**, सदर कोतवाल।

### जिला पंचायत अधिकारियों ने ठेकेदारों संग मिलकर किया खेल

पीड़ित ठेकेदार का आरोप है कि इसमें जिला पंचायत के अधिकारियों की पूरी मिलीभगत रही है। उनका कहना है कि उनके फर्जी हस्ताक्षर प्रार्थना पत्र पर हैं। इस तरह का फर्जी प्रार्थना पत्र विभाग ने बिना उन्हें सूचित किए न सिर्फ स्वीकार किया बल्कि पीड़ित के टेंडर भी निरस्त कर दिए गए। ऐसे में साफ है कि विभाग के अधिकारी कर्मचारी और लाभार्थियों द्वारा ही ये सब फर्जीवाड़ा किया गया है।

- एसपी से हुई शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

दौरान निरस्त हो गए हैं। तब उन्होंने विभाग में व्यक्तिगत रूप से पता किया। इस पर विभाग द्वारा बताया गया कि पीड़ित का कोई ई-स्टांप आया है, उसके आधार पर टेंडर निरस्त हुआ है। इसके बाद व्यक्तिगत व रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र डीएम को दिया और जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा धोखाधड़ी कर टेंडर निरस्त करने की शिकायत की।

बताया कि पीड़ित के द्वारा न तो कोई स्टांप पेपर खरीदा गया है, न ही कोई स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धोखाधड़ी कर पीड़ित को क्षति पहुंचाने और व्यापार को खत्म कर छवि धूमिल करने की कोशिश की गई है। जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा धोखाधड़ी की गई है। मुख्यमंत्री, कमिश्नर और एएमए जिला पंचायत से शिकायत की गई लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। अब एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### उच्च न्यायालय में भी डाली गई रिट

पीड़ित ने बताया कि जब अधिकारियों के स्तर से कोई सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने उच्च न्यायालय में रिट डाली। इसकी दो फरवरी 2026 को सुनवाई हुई ।जिसमें विभाग प्रथम बार 100 रुपये के स्टांप पर एएमए को प्रेषित प्रार्थना पत्र आठ जनवरी 2026 का प्रस्तुत किया। जिसकी प्रति न्यायालय के मौखिक आदेश के बाद विभाग के अधिवक्ता की ओर से प्रदान की गई। उनका कहना है कि उक्त प्रार्थना पत्र पर फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे और निविदा क्रम संख्सा 01, 02, 34 और 154 की टेंडर प्रक्रियाओं से बाहर होने का 100 रुपये का स्टांप दिया गया था, जोकि फर्जी था। उनका कहना है कि 22 दिसंबर 2025 को उन्होंने 100 रुपये का कोई स्टांप खरीदा ही नहीं था। साजिश के तहत चार टेंडर निरस्त किए गए हैं।

# घर के बाहर दिव्यांग का फंदे से लटका मिला शव

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** क्षेत्र के एक गांव में दिव्यांग का शव रस्सी के बने फंदे से लटका मिला। प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- घुंघचिहाई क्षेत्र में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

थाना क्षेत्र के ग्राम डूडा निवासी 30 वर्षीय दिव्यांग हरिश्चंद्र पुत्र ख्यालिराम का शव शुक्रवार सुबह घर के बाहर पेड़ पर रस्सी से बने फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिवार वाले भी आ गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। इस दौरान परिवार ने बताया कि मृतक हरिश्चंद्र अविवाहित था। उसके दो अन्य भाई है। एक भट्टे पर गोरखपुर में मजदूरी करता है जबकि दूसरा ई-रिक्शा चलाता है। माना जा रहा है कि रात में ही हरिश्चंद्र ने खुदकुशी कर ली होगी। हालांकि इसकी वजह नहीं बता सके। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सुरागरसी की। इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने बताया कि माले की जांच कराई जा रही है।किसी तरह का आरोप परिवार ने नहीं लगाया है।

# विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 82 करोड़ का ऋण वितरित




गांधी सभागार में मेगा क्रेडिट कैंप में लाभार्थियों को जानकारी देते अफसर।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम समेत अन्य अफसरों ने लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र किए वितरित
- गांधी सभागार में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ मेगा क्रेडिट कैंप

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान 80 आवेदनों पर स्वीकृति/वितरित प्रदान की गई और करीब 82 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत/वितरित की गई। कैंप में डीएम सभी बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने एवं लाभार्थियों को समयबद्ध ऋण वितरण के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में शुक्रवार को आयोजित हुए मेगा क्रेडिट कैंप में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, बैंक ऑफ बड़ौदा के सहायक महाप्रबंधक विवेक शर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक राजकुमार सेठ एवं डीडीएम नावार्ड सीपी त्रिवेदी ने दीप प्रज्जवलन कर शुरुआत कराई। बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रदान कर स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। जिले की सभी बैंकों की 170 शाखाओं की सहभागिता से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृत एवं वितरित किए गए। कैंप में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, स्टैंड-अप इंडिया, मुद्रा योजना सहित विभिन्न योजनाओं के पात्र आवेदकों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए। डीएम ने निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। 80 आवेदनों पर स्वीकृति/वितरित प्रदान की गई और 82 करोड़ रुपये स्वीकृत/वितरित किए। यहां बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक शर्मा उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नशे में धुत युवक ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंचा तीमारदार

**अमृत विचारः** मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में नशे में धुत तीमारदार के पहुंचने पर फिर हंगामा हो गया। मरीज के दामाद ने नशे की हालत में पहले साथ आए परिजन से भिड़ा। फिर जब सुरक्षाकर्मियों ने शांत कराने की कोशिश की तो उनसे भी भिड़ गया। इसी बीच एक अन्य मरीज के साथ आए तीमारदारों से शीशा टूट गया। कोतवाली पुलिस पहुंची और सख्ती कर मामला शांत कराया। परिवार वालों के माफी मांगने पर नशे में धुत युवकों को छोड़ दिया गया।

घटना गुरुवार रात की है। एक वृद्ध को सांस लेने में दिक्कत होने पर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। मरीज का दामाद भी अन्य परिजनों संग पहुंचा था। बताते हैं उसने नशा अधिक कर रखा था। जिसकी वजह से वह पहले आपस में गाली गलौज कर हंगामा करता रहा। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने शांत कराने की कोशिश की तो उनसे भी भिड़ गया। उसकी पत्नी ने समझाने का प्रयास किया तो उससे भी अभद्रता की गई। फिर सुरक्षाकर्मियों ने उसे परिसर से बाहर कर दिया।

मगर वह फिर भीतर आकर हंगामा करने लगा। उधर, एक अन्य मरीज के तीमारदार भी नशे में हंगामा करने लगे। इस दौरान परिसर में लगे गेट का शीशा टूट गया। युवक भी इस दौरान गिरने से घायल हो गया,जिसका इलाज किया गया। हंगामे की सूचना मिलने पर ठेका चौकी प्रभारी मनवीर सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। उन्होंने हंगामा कर रहे युवक को शांत कराने का प्रयास किया। मगर उसे नशा अधिक था। जिसके बाद कोतवाल सत्येंद्र कुमार भी पहुंच गए। सभी के नाम पते नोट किए गए। फिर पुलिस हिरासत में ले रही थी कि परिवार के अन्य सदस्यों ने माफी मांगी। अस्पताल प्रबंधन की ओर से भी कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई। जिसके बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रुद्रपुर में एक कंपनी में काम करती थी। वहीं पर कस्बा बरखेड़ा का सचिन मिश्रा पुत्र सूर्य प्रकाश काम करता था। उसने प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके ाबद दो साल तक शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर धमकी दी गई। कई बार रुपये भी ले लिए। 14 फरवरी को आरोपी व उसके परिजन ने शादी का आश्वासन दिया। इस दौरान दो लाख कीमत का सामान भी ले लिया। तेरह फरवरी की सुबह आरोपी के घर गई तो शादी से इनकार कर दिया। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस ने सचिन मिश्रा, ओमवती व दीक्षा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# रिश्ता टूटने पर युवती ने खाया जहर

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

- एक अस्पताल में चल रहा इलाज, पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** दहेज की मांग को लेकर एक युवती का रिश्ता टूट गया। इससे आहत होकर युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। आरोप है कि उसे धमकी भी दी गई थी। पीड़ित पिता ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उन्होंने अपनी बेटी का रिश्ता गांव के ही शाहरुख खान पुत्र अहमद मियां के साथ तय किया था। मंगनी के समय उन्होंने शाहरुख को 50 हजार रुपये, चांदी की तीन जोड़ जेवरी, तीन चांदी की अंगूठियां और आने-जाने वालों के कपड़े सहित अन्य सामान दिया था। इस दौरान लेन-देन और खाने-पीने में करीब 45 हजार रुपये का खर्च भी हुआ था। शादी की तारीख 24 मार्च 2026 थी, जिसमें बारात प्रार्थी के घर आनी थी। लड़की पक्ष ने शादी की तैयारियां पूरी कर ली थीं और दावत भी बांट दी थीं। आरोप है कि 16 फरवरी को अहमद मियां ने अपने पुत्र अरबाज, फैज खान व शाहरुख, पत्नी के साथ मिलकर शादी से इनकार कर दिया। रिश्ता तय होने के समय किसी प्रकार की मांग नहीं की गई थी, लेकिन बाद में लड़के पक्ष की ओर से बुलेट बाइक, डेढ़ लाख रुपये और फर्नीचर की मांग की जाने लगी।

आरोप है कि शाहरुख खान और उसके परिवार के लोग फोन कर युवती को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे और सामान न देने पर शादी न करने, कहीं और भी शादी न होने देने की धमकी दी। आरोप है कि तनाव के चलते युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने उसे अमरिया के अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पहले कराई परेड, फिर परखा मातहतों का ज्ञान



पुलिसकर्मियों से उपकरणों के बारे में जानकारी करते एसपी सुकीर्ति माधव।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पुलिस लाइन ग्राउंड पर शुक्रवार को साप्ताहिक परेड हुई। एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा ने इसकी सलामी ली। इस दौरान शस्त्र ड्रिल कराई गई। यूपी-112 की गाड़ियों (पीआरवी) को चेक किया। उनके चालकों से गाड़ी की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

इसके बाद पीआरवी पर जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता की जांच की गई। इस दौरान उपकरणों के बारे में मातहतों के ज्ञान के भी परखा गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों को शस्त्रों के सही रख-रखाव और प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा एसपी ने केंद्रीय पुलिस कैंटीन, अग्निशमन शाखा, फायरिंग बट, आदेश कक्ष का निरीक्षण किया। स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इस मौके पर सीओ सदर नताशा गोयल भी मौजूद रहीं।

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल



रेशम देवी।

- पति के साथ भतीजे की अंत्येष्टि में शामिल होकर बाइक से घर लौट रही थी महिला

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** पति के साथ भतीजे की अंत्येष्टि में शामिल होकर लौट रही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादस के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

करेली थाना क्षेत्र के गांव अड़ियारा निवासी नंदकिशोर अपनी पत्नी रेशम देवी (35) के साथ शाजहांपुर जिले के बंडा थाना क्षेत्र के गांव पटना से भतीजे की अंत्येष्टि में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। गांव घनश्यामपुर के पास ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में रेशमा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पति नंदकिशोर को मामूली चोट आई। पति को सीएचसी भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की।



हादसे के बाद विलाप करते परिजन। • अमृत विचार

एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया है। ट्रक चालक को भी हिरासत में ले लिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उधर, मृतक के परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा। मृतका के एक पुत्र और तीन पुत्री हैं।

# करेली से बाया बीसलपुर दिल्ली तक होगी बस सेवा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए करेली से बीसलपुर होते हुए दिल्ली तक के लिए नई सीधी बस सेवा को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में पीलीभीत डिपो से कुल 108 बसों कासंचालन किया जा रहा है। एआरएम विपुल पाराशरी ने बताया कि पांच नई बसों में से एक बस को करेली-बीसलपुर-दिल्ली मार्ग पर संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस नई सेवा के शुरू होने से क्षेत्र के व्यापारियों, दिल्ली में पढ़ाई कर रहे छात्रों और वहां कार्यरत नौकरीपेशा लोगों को आवागमन में काफी सुगमता होगी। अब यात्रियों को दिल्ली जाने के लिए अन्य साधनों या डिपो पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। लंबी दूरी की इस यात्रा के लिए बसों की समय-सारणी और निर्धारित किराये की विस्तृत जानकारी परिवहन विभाग द्वारा जल्द ही आधिकारिक तौर पर साझा की जाएगी।

# नौ दिन से लापता युवक का खेत में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- न्यूरिया क्षेत्र में हुई घटना, पुलिस पड़ताल में जुटी

**अमृत विचारः** नौ दिन से लापता चल रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव गेहूं के खेत में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव मिलने के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

बता दें कि न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम उल्हैतापुर के रहने वाले दुर्गाप्रसाद का 25 वर्षीय पुत्र ललित कुमार उर्फ लालू 11 फरवरी को बरात में जाने के लिए निकला और फिर रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। उसके घर न आने पर परिवार वाले परेशान हो गए और उसकी तलाश शुरू कर दी गई। मगर, उसका कुछ पता नहीं चल सका। पिता की ओर से दी गई तहरीर पर 14 फरवरी को न्यूरिया थाने में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। परिवार वाले खुद भी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार सुबह बिठौरा खुर्द गांव के पास एक गेहूं के खेत में लापता युवक का शव मिला। ग्रामीण खेतों की तरफ कार्य से पहुंचे और शव पड़ा देखा तो होश उड़ गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंची। लापता युवक के परिवार वालों को भी बुला लिया। शव की शिनाख्त लापता लालू के रुप में हुई। परिजन का रोकर बुरा हाल रहा। मौत को लेकर तस्वीर साफ नहीं हो सकी। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो सकेगी। उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच करा रहे हैं।

# ब्याज भी ले लिया और नहीं लौटाए गिरवी रखे जेवर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बिलसंडा क्षेत्र के सर्राफ पर आरोप, एसपी से की शिकायत

**अमृत विचारः** बिलसंडा के एक सराफ पर ग्रामीण द्वारा गिरवी रखे गए लाखों के जेवरात हड़पने का आरोप लगा है। जबकि सर्राफ को ब्याज भी दे दिया गया। एसपी से मामले की शिकायत की गई है।

बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम कनपरी निवासी रमेश राजपूत पुत्र शिवदयाल ने एसपी को दिए शिकायत पत्र में बताया कि कस्बे के एक सराफ के पास उन्होंने 22 फरवरी 2021 को 670 ग्राम चांदी और 7.28 मिलीग्राम सोने के जेवर 40 हजार रुपये में गिरवी रखे थे। 18 जुलाई 2022 को एक 10.100 मिलीग्राम का सोनेका हार जिसकी कीमत करीब चार लाख रुपये है। उसे तीस हजार रुपये में गिरवी रखा। इसकी रसीदें भी उनके नपास है। छह जून 2025 को अपनी दोनों गिरवी गांठ छुडाऩे गए तो आरोपी ने टालमटोल की। कई माह तक टरकाने के बाद दोगुना रुपये मांगने लगा। 17 जुलाई 2025 को 35 हजार रुपये ब्याज के तौर पर जमा कर दिए। इसके बाद 26 जनवरी 2026 को दोबारा गए तो आरोपी ने गिरवी गांठ लौटाने से इनकार कर दिया। एक फरवरी को भी दुकान पर गए तभी आरोपी ने अपने दो अज्ञात साथियों संग हमला कर अभद्रता की और धमकी देकर भगा दिया। आरोप है कि संबंधित सराफ के पास गिरवी गांठ का लाइसेंस भी नहीं है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

# मेरा गांव मेरा स्कूल कार्यक्रम का आयोजन

**बिलसंडा, अमृत विचारः** ग्राम बमरोली के पीएमश्री स्कूल में मेरा गांव मेरा विद्यालय एवं बाल वाटिका आरोहण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर शुरुआत कराई। बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि एवं सीखने की प्रक्रिया को समृद्ध बनाने का प्रयास किया गया। बाल वाटिका आरोहण कार्यक्रम को लोकेटेड आंगनबाड़ी बाल वाटिका के बच्चों के लिए प्री- प्राइमरी शिक्षा के महत्व को उपस्थित सभी अभिभावकों के समक्ष साझा किया गया। विद्यालय की बदलती तस्वीर को सराहा। बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# नकाबपोश बदमाशों ने ग्रामीण से लूटी बाइक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- रिश्तेदारी से घर आ रहा था ग्रामीण, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** रिश्तेदारी से घर वापस आ रहे ग्रामीण से तीन बदमाशों ने बाइक लूट ली। तीनों बदमाश नकाब पहने हुए थे। बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम गोनेरावदी निवासी पुष्पेंद्र कुमार पुत्र मदनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 फरवरी को रात साढ़े आठ बजे वह अपने ममेरे भतीजे कपिल पुत्र ठाकुरद्वारा निवासी ग्राम सुतईया थाना नवाबगंज बरेली के घर से अपनी बाइक से वापस आ रहा था। जैसे ही वह थाना जहानाबाद क्षेत्र के शाही रोड पर ग्राम महताब नगर के मोड़ के समय पहुंचा। तभी एक अज्ञात व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधकर उसकी बाइक के सामने आ गया। जिस पर उसने अपनी बाइक की गति धीमी कर ली। तभी सड़क किनारे झाड़ियां में छुपे दो अन्य नकाबपोश बदमाश भी सामने आ गए और उसके सिर पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। बदमाशों ने उसकी बाइक लूट ली और फरार हो गए। पीड़ित ने किसी तरह फोन पर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# दूसरे समुदाय की युवती के साथ भाग रही सहेली को चौराहे पर पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नौगवां चौराहे पर बस में सवार होते वक्त नर्सिंग होम के स्टाफ ने दोनों को रोका
- भाजपा नेता और पुलिस पहुंची एक नर्सिंग होम में काम करती हैं दोनों सहेलियां

**अमृत विचार :** निजी नर्सिंग होम में काम करने वाली दूसरे समुदाय की युवती ने अपनी सहेली की प्रेमी से बात कराना शुरू कर दी। आरोप है कि उसका ब्रेनवॉश किया गया। इसके बाद युवती ने अपनी सहेली को लेकर घर से फरार होने की योजना बना डाली। नौगवां चौराहे पर बस में सवार होते वक्त नर्सिंग होम के स्टाफ ने दोनों को पकड़ लिया। इस पर युवतियों ने अभद्रता करना शुरू कर दी। सूचना मिलने पर थाना सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और युवतियों को थाने ले आई। पुलिस जांच कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां चौराहे के समीप एक निजी नर्सिंग होम पर काम करने वाली दो युवतियां अलग अलग समुदाय की हैं। एक युवती अपने प्रेमी से बातचीत करती थी। उसने कई बार साथ काम करने वाली दूसरे समुदाय की अपनी सहेली से भी युवक से बातचीत करवाई।

शुक्रवार को दोनों युवतियां परिजनों को बिना बताए घर से कुछ सामान और कपड़े लेकर बस पर सवार होने के लिए नौगवां चौराहे पर पहुंची। भनक लगने पर नर्सिंग होम के स्टाफ ने दोनों युवतियों को रोक लिया और उनसे पूछताछ की। संतोषजनक जबाव न देने पर उन्हें शक हुआ। विरोध करने पर युवतियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। बात बिगड़ती देख सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी नरेश त्यागी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। इसके बाद दोनों युवतियों को पुलिस अपने साथ सुनगढ़ी ले आई।

मामला अलग अलग समुदायों से जुड़ा होने के कारण भाजपा नेता भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हंगामा करना चाहा लेकिन पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए रोक दिया। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि युवतियों के परिजनों को बुलाया गया है। सामने आए तथ्यों की जांच की जा रही है।

# फार्मर रजिस्ट्री को लेकर प्रशासन ने दिखाई सख्ती

## कर्मचारियों को दिया जा रहा रोजाना लक्ष्य, जिले में अब तक 69.87 फीसदी किसानों ने तैयार कराई फार्मर रजिस्ट्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 15 मार्च तक शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री करने का लक्ष्य

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री अब अनिवार्य हो गई है। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी नहीं होगी, उनकी सम्मान निधि की अगली किस्त रोकी जा सकती है। इधर शासन के निर्देश के बाद अब जिला प्रशासन की ओर से फार्मर रजिस्ट्री को लेकर खासी सख्ती बरती जा रही है।

शासन द्वारा एग्रीस्टैक योजना के तहत जनपद में फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत किसानों की सभी जमीनों के रिकॉर्ड को आधार से लिंक किया जा रहा है। जनपद में फार्मर रजिस्ट्री अभियान शुरू हुए साल भर से अधिक का समय बीत चुका है, मगर अभी तक जनपद भर में 314406 किसानों के सापेक्ष महज 2,19, 682 किसानों ने ही अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराई है। जनपद में 94,724 किसान ऐसे हैं, जिन्होंने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है।

बीते दिनों शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री को लेकर समीक्षा की गई थी। शासन स्तर से समीक्षा के दौरान जनपद में जल्द से जल्द फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद अब जिला प्रशासन ने भी इस पर सख्ती करना शुरू कर दिया गया है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कृषि विभाग समेत अन्य अफसरों को शत प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद कृषि और राजस्व कर्मियों की ओर से अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने का कार्य तेजी से शुरू किया है। शासन की ओर से प्रतिदिन फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने का लक्ष्य दिया जा रहा है।

### फार्मर रजिस्ट्री से ये होंगे फायदे

- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादन की खरीद।
- किसानों को संस्थागत खरीदारों से जोड़ने का अवसर।
- कृषि इनपुट सप्लायर के साथ किसानों को जोड़ने का अवसर ।
- किसानों को फसली ऋण एवं फसल बीमा की क्षतिपूर्ति तथा आपदा राहत प्राप्त करने में सुगमता।

## न्यूज ब्रीफ

### सत्यापन के लिए पहुंची अमृतसर पुलिस

पीलीभीत,अमृत विचार : पंजाब के अमृतसर जिले की पुलिस जनपद में आई। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के वसुंधरा कॉलोनी में स्थित एक व्यक्ति के घर पर पहुंची और स्थलीय सत्यापन किया। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पंजाब के अमृतसर जिले में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे के स्थलीय सत्यापन के लिए अमृतसर पुलिस की टीम आई थी। सत्यापन करने के बाद टीम वापस लौट गई।

### एनजीटी के नियमों का पालन करने के निर्देश

पीलीभीत, अमृत विचार : एनजीटी की टीम ने बीते दिनों 11 से 13 फरवरी तक देवहा और खकरा नदी का निरीक्षण किया था। लघु नदी पुनरोद्धार विशेषज्ञ हरीश महावर, परियोजना अधिकारी डॉ .कृति वर्मा आदि टीम में थे। शहर के नाले भी देखे गए थे। इस दौरान सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, सीवरेज आदि की खामियां भी देखी गई थी। इसे लेकर अब डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने एनजीटी के आदेशों का पालन कराने के निर्देश नगर पालिका को दिए है।

# गन्ना बुवाई प्रोत्साहन योजनाओं की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कीरतपुर में हुई गोष्ठी में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** एलएच चीनी मिल की ओर से पूरनपुर जोन में बसंत कालीन गन्ना बुवाई को लेकर वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मिल के उप महाप्रबंधक गन्ना द्वारा किसानों को मिल के माध्यम से गन्ना बुवाई प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को गन्ने की वैज्ञानिक खेती के बारे में बताया।

पूरनपुर के गांव कीरतपुर में शुक्रवार को हुई वृहद कृषक गोष्ठी में एलएच चीनी मिल के उप महाप्रबंधक (गन्ना) शिव स्वरूप सिंह ने चीनी मिल के माध्यम से गन्ना बुवाई प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि किसानों को भूमि शोधन के लिए चीनी मिल द्वारा निर्मित पीएसबी 10 रुपये प्रति लीटर की दर से उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों द्वारा एमएचएटी से गन्ना बीज शोधन कराने पर 60 रुपये प्रति क्विंटल लेबर एवं ट्रान्सपोर्ट सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई में गन्ना प्रजाति को. 15023, को. 0118 को.शा. 13235, को. लख. 16202 की बुवाई करने वाले किसानों को 25 प्रतिशत अनुदान पर पेस्टीसाइड उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं जो किसान गेहूं की कटाई के बाद गन्ना प्रजाति को. 15023 की बुवाई करेंगे, उन किसानों को एक एकड़ पर 4 बैग बायो पोटाश मुफ्त दी जाएगी। गोष्ठी का संचालन सहायक महा प्रबन्धक (गन्ना) श्री राजीव शर्मा द्वारा किया गया। गोष्ठी में उप महाप्रबंधक गन्ना विनय सिंह, शिव स्वरूप सिंह, एससीडीआई पूरनपुर संजय श्रीवास्तव, गन्ना विकास समिति सचिव, पूर्व उपसभापति स्वदेश कुमार यादव समेत तमाम गन्ना किसान एवं चीनी मिल स्टाफ मौजूद रहा।

- पूरनपुर जोन के कीरतपुर में एलएच चीनी मिल की ओर से वृहद कृषक गोष्ठी




गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते चीनी मिल के अधिकारी। ● अमृत विचार

## अनियंत्रित होकर ईको पलटी, दो लोग घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** नवाबगंज रोड पर गाजीपुर कुंडा मोड़ पर सवारी से भरी अनियंत्रित ईको खाई में पलट गई। ईको में करीब दस लोग सवार थे।

हालांकि दो लोगों को ही चोट आई। इसकी सूचना मिलने पर एंबुलेंस पहुंची और घायलों को सीएचसी लेकर आई। इस दौरान घायलों ने नवाबगंज के अस्पताल ले जाने की बात कही। इस पर दूसरे जिले की वजह से ले जाने में असमर्थता जताई। फिर घायल दूसरे वाहन से निकल गए। हादसे के चलते भीड़ लगी रही।

## सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** :सुनगढ़ी क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर निवासी अजय शुक्ला ने गजरौला पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका छोटा भाई विजय शुक्ला अपनी बाइक से पैतृक गांव लौकाह से वापस आ रहा था। टोल प्लाजा के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, इससे विजय की मौत हो गई। इस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# आपस में लड़ाने का काम कर रही मौजूदा सरकार



सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू।

संवाददाता, बीसलपुर

- ब्राह्मण समाज भाईचारा सम्मेलन में बोले-पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां

**अमृत विचारः** हाल ही में समाजवादी पार्टी में शामिल हुए पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी स्थित कार्यालय में ब्राह्मण समाज भाईचारा सम्मेलन आयोजित किया गया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार बदलती रहती हैं। सत्ता में जो भी सरकार हो जनता को राहत देना उसकी प्राथमिकता है। मगर, मौजूदा सरकार सिर्फ जनता का शोषण व उत्पीड़न कर आपस में लड़ाने का काम कर रही है। कहा कि आगामी 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी को सत्ता में लाना है, तभी प्रदेश में खुशहाली आएगी। कहा कि बीसलपुर की जनता ने उन्हें तीन बार विधायक बनाकर जो सम्मान दिया है, उसका कर्ज कभी उतार नहीं पाएंगे।

उन्होंने ब्राह्मण समाज से समाजवादी पार्टी से जुड़ने की अपील की। संचालन रमेश शुक्ला ने किया। इस मौके पर सपा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय दुबे एडवोकेट, दिलीप शुक्ला एडवोकेट,वीरेंद्र कुमार मिश्रा, लक्ष्मीकांत मिश्रा कुकू, निखिल दुबे, राम लखन दिक्षित, दुर्गेश कुमार दीक्षित, निर्देश कुमार दीक्षित, नरेंद्र मिश्रा, उमेश मिश्रा, पूर्व प्रधान देवरत्न शुक्ला, संजीव संखधार एडवोकेट, संगम शुक्ला, राजेश कुमार तिवारी, मनोज मिश्रा, सुमित शुक्ला, संदीप पांडे, प्रमोद मिश्रा, राजीव वाजपेयी आदि मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व मंत्री का स्वागत भी किया गया।

# विकास भवन में बनेगा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ गलियारा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



विकास भवन।

- देश की ख्याति प्राप्त महिलाओं की तस्वीरें
- स्लोगन व पेंटिंग से दिया जाएगा आकर्षक लुक

**अमृत विचारः** जिला मुख्यालय स्थित अब बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देगा। भवन के मुख्य द्वार से लेकर ऊपरी तल तक ख्याति प्राप्त महिलाओं, स्लोगन और आकर्षक पेंटिंग बनाई जाएगी।

दरअसल महिला कल्याण विभाग की ओर से विकास भवन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ गलियारा बनाने की तैयारी की गई है। इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। डीएम की ओर से हरी झंडी मिलते ही इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज से 11 वर्ष पूर्व जिस बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की थी, जनपद में यह अभियान धरातल पर तेजी से रंग लाता दिख रहा है। जनपद में बेटियों को लेकर लोगों का नज़रिया बदला है, बेटियों के सपने मज़बूत हुए हैं और वे आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। जनपद में बेटियों ने शिक्षा के क्षेत्र में भी कमाल की तरक्की की है। अब चाहे हायर एजुकेशन की बात हो या फिर प्रोफेशनल कोर्स या टेक्निकल फील्ड, सभी में बेटियां आगे बढ़ रही हैं। स्पोर्ट्स, साइंस, एंटरप्रेन्योरशिप और सरकारी नौकरियों में बेटियों का योगदान बढ़ रहा है।

जनपद में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की बात करें तो महिला कल्याण विभाग की ओर से पिछले छह में जनपद के 35500 लोगों को अभियान के प्रति जागरूक किया गया है।

जनपद, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर 75 कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। वहीं 447 नवजात बेटियों को बेबी किट वितरित की गई है। इसके अलावा विभाग की ओर से जनपद में 28 बाल विवाहों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इसमें 08 मामलों में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। इधर अभियान के तहत हुए कार्यों को दर्शाने एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देने के लिए जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ गलियारा बनने जा रहा है।

### साढ़े तीन लाख की आएही लागत

महिला कल्याण विभाग की ओर से विकास भवन में बेटी बचाओ-बेटी बचाओ गलियारा करीब 3 .5 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा। यह गलियारा भवन के मुख्य द्वार से ऊपरी तल पर जाने वाली दोनों सीढ़ियों से होता हुआ जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय तक बनाया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्याम अनुराग रस्तोगी ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का संदेश देने के उद्देश्य से बनाए जा रहे इस गलियारे में देश की ख्याति प्राप्त महिलाओं की तस्वीरें, अभियान से संबंधित स्लोगन, पेंटिंग के साथ रंग-रोगन कर आकर्षक लुक दिया जाएगा। इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। संभवता अगले सप्ताह में इस पर काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

# राज्यमंत्री ने चौपाल में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



चौपाल में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

**मझोला, अमृत विचारः** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के अमरिया प्रतिनिधि चमकोर सिंह,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गुलड़िया भिंडारा अजय गोयल ने भरा पचपेड़ा में चौपाल लगाई। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर समस्याएं सुनी गई।

आवास, पंचायती वोट, विधानसभा एवं लोकसभा की वोट, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के बारे मे ग्रामीणों ने समस्याएं रखी। इस पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराकर समाधान कराने के लिए आग्रह किया गया। इस मौके पर दारा सिंह, दलजीत सिंह, मंगा सिंह, बूटा सिंह, परमजीत सिंह, शिवली, रामप्रसाद बसु, जयप्रकाश, जतिन ओझा, सुनील बड़ोई, साधू सिंह, रशपाल सिंह, हरबंस सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसआर टीकाकरण शिविर का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शिविर में होता टीकाकरण।

**अमृत विचारः** बल्लभनगर कॉलोनी स्थित लार्ड कृष्णा स्कूल में एमआर टीकाकरण में छात्रों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य रोजी दीक्षित ने छात्रों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित किए गए टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बताया कि एमआर टीकाकरण खसरा और रूबेला जैसी बीमारियों से सुरक्षा चक्र प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने सभी छात्रों व अभिभावकों को भविष्य में आने वाली किसी भी प्रकार के बीमारियों से लड़ने के लिए इस तरीके के टीकाकरण में हमेशा भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## फावड़े से किया युवक पर हमला रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी थाने में दी गई तहरीर में ग्राम जंगरौली पुल निवासी मोहम्मद उस्मान पुत्र नवाब हुसैन ने बताया कि 19 फरवरी की दोपहर गांव के ही प्रवेश कुमार पुत्र श्याम लाल ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की। शोर होने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। जिस पर आरोपी ने फावड़े से उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देता भाग गया। पुलिस मामले की जांच करा रही है।

# तकनीकी खराबी से आरटीई पोर्टल ठप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पहले चरण में 1001 बच्चों का लॉटरी से हुआ चयन, सत्यापन प्रक्रिया जारी

**अमृत विचार** : निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को मुफ्त दाखिला दिलाने वाली आरटीई प्रवेश प्रक्रिया इन दिनों तकनीकी बाधा से जूझ रही है। कई दिनों से पोर्टल बंद रहने के कारण अभिभावकों के साथ-साथ अधिकारी भी परेशान हैं और नए सत्र 2026-27 की आवेदन प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में होने वाले प्रवेश के लिए संचालित ऑनलाइन पोर्टल तकनीकी खराबी के चलते कई दिनों से ठप पड़ा है। इससे दूसरे चरण की आवेदन प्रक्रिया अटक गई है और अभिभावकों को साइबर कैफे के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, पहले चरण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस चरण में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के लिए कुल 1001 बच्चों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया था। चयनित बच्चों के दस्तावेजों के सत्यापन और स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही थी, तभी पोर्टल में तकनीकी समस्या आ गई। दूसरे चरण के लिए आवेदन भी शुरू कर दिए गए थे, लेकिन पोर्टल बंद होने के कारण नए आवेदन स्वीकार नहीं हो पा रहे हैं। इससे अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आगामी शैक्षिक सत्र में आरटीई के तहत शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य प्रभावित हो सकता है।

उधर, बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पोर्टल में आई खराबी की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। सर्वर को जल्द दुरुस्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि दूसरे और तीसरे चरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके और बच्चों का दाखिला समय पर पूरा कराया जा सके।

# नृत्य और योग प्रस्तुति ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पुरस्कार देते सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर व सीएमओ डॉ. आलोक कुमार।

- पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में उमंग सांस्कृतिक दिवस पर दिखी प्रतिभा
- मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार बांटे

**अमृत विचार** : पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को प्राथमिक विभाग का सांस्कृतिक दिवस उमंग हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर और विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से कराई।

सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गीत, नृत्य, योग और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा।

बलवाटिका के नन्हे विद्यार्थियों ने भारत की विविधता में एकता का संदेश देते हुए मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने योगासनों की संगीतमय प्रस्तुति देकर सभी को प्रभावित किया। कक्षा चार की छात्रा अयांश दीक्षित ने सुंदर कविता पाठ किया, जबकि कक्षा पांच की छात्राओं ने राजस्थान की संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य प्रस्तुत कर खूब सराहना बटोरी। प्राचार्य असलम जावेद ने विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षिक और पीएम श्री गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। संचालन प्रवक्ता ऋचा त्रिवेदी, कक्षा 11 के नूर फातिमा, कौशिक गंगवार और उपकार श्रीवास्तव ने किया।

## नाले में गिरने का डर, एसडीएम से लगाई गुहार

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** कस्बा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य गुंजन गुप्ता ने नगर पंचायत के प्रभारी ईओ/बीसलपुर एसडीएम को पत्र लिखा है। जिसमें बताया कि संस्थान के रास्ते पर पानी निकास के लिए नाले का निर्माण कार्य किया गया है। मगर ठेकेदार के द्वारा नाले का कार्य पूर्ण होने पर निकासी के लिए रास्ता नहीं बनाया गया है। नाले को ऐसे ही छोड़कर चला गया। जिससे संस्थान के छात्र व छात्राओं और स्टाफ को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के नाले में गिरने का डर हर समय बना रहता है। कई बार संपर्क करने के बाद भी अब तक ठेकेदार ने इस मामले में सुध नहीं ली है। उन्होंने एसडीएम से इसका समाधान शीघ्र कराने की गुहार लगाई।

# पहले जुमे पर रोजेदार नमाजियों की उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- इमाम मोहम्मद ने रोजेदारों से कहा रमजान माह में जन्नत के सारे दरवाजे खुल जाते हैं

**अमृत विचारः** रमजान माह के पहले जुमे पर शहर समेत जनपद की मस्जिदों में रोजेदारों ने नमाज अदा कर कौम और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की गई। इसको लेकर मस्जिदों में खासी भीड़ रही। इधर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों के बाजारों में खासी रौनक देखने को मिली।

गुरुवार से मुकद्दस रमजान माह की शुरुआत हुई थी। शुक्रवार को माह-ए-रमजान के पहले अशरे में दूसरा रोजा रखा गया। इस दौरान शहर की जामा मस्जिद समेत जिले भर की मस्जिदों में रोजेदारों ने रमजान माह के पहले जुमे पर नमाज अदा कर मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। रमजान का पूरा महीना मोमिनों के लिए अल्लाह तआला की तरफ से रहमतों और बरकतों का होता है, लेकिन पहले रोजे से दसवें रोजे तक का पहला अशरा रहमतों का अशरा कहलाता है। इसलिए इस अशरे में रोजेदार अधिक से अधिक इबादत करते हैं। मोहल्ला भूरे खां स्थित मस्जिद मोटा पाकड़ में मुकद्दस रमजान के पहले जुमे पर रोजेदारों ने नमाज अदा की। नमाज से पहले मस्जिद के इमाम मोहम्मद ने मुकद्दस रमजान के पहले जुमे पर कहा कि रमजान महीने में जन्नत के सारे दरवाजे खुल जाते हैं। जुमे की नमाज के बाद पेशे इमाम हाफिज कारी इस्माइल ने मुल्क में अमन चैन की दुआ फरमाई। इस दौरान हाजी गुलफाम बेग, मुदस्सिर खां, मोहसिन खां, सूफी अतहर अली, इकबाल खां, इम्तियाज अंसारी, मोहम्मद आमिर खां, अब्दुल कदीर खां आदि थे।

अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग
श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777



**इफ्तार**
शनिवार शाम
सुन्नी : 6:05
शिया : 6:06

**सहरी**
रविवार सुबह
सुन्नी : 5:12
शिया : 5:14

## न्यूज ब्रीफ

### खेत जाते समय स्कूटी पलटी, युवक घायल

**मझगई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बेला टापर निवासी नंदराम का 18 वर्षीय पुत्र गौरी सुबह स्कूटी से अपने खेत की ओर जा रहा था। रास्ते में अचानक स्कूटी फिसलकर खड़ंजे पर गिर पड़ी। हादसे में गौरी घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद घायल को नौगवां कस्बे के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

### रंगों का पर्व आपसी सद्भावना पूर्वक मनाएं

**भीरा, अमृत विचार :** थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में थाना प्रभारी रोहित दुबे ने कहा कि होली पर्व पर कोई नई परंपरा ना डालें। अगर कोई माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें, जिससे समय रहते उस पर कार्रवाई की जा सके। होली आपसी भाईचारे का त्यौहार है जिसे भाईचारे के साथ मिलकर मनाए। बैठक में गन्ना विकास समिति अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह, राम अनुज वर्मा, अनुज गुप्ता, अजीत कुमार, प्रताप शंकर शुक्ला सहित अन्य नागरिक मौजूद थे ।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक घायल

**बरवर, अमृत विचार :** बरवर-औरंगाबाद मार्ग पर गोमती पुल से पहले गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर हाई वोल्टेज लाइन के खंभे से टकराकर खाई में पलट गई। इसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी लेने पर पता चला कि स्टेयरिंग फेल होने से हादसा हुआ। गांव बसखेड़ा निवासी 28 वर्षीय चालक मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे निजी वाहन से ले जाकर निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया।

# बदलता मौसम: गले की खराश व त्वचा के मरीज बढ़े

## सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीज बढ़े, मरीजों से ओपीडी फुल, बच्चे ज्यादा प्रभावित, जिला अस्पताल में लग रही कतार

- **जिला अस्पताल से लेकर पीएचसी तक उमड़ रही मरीजों की भीड़**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



जिला अस्पताल में औषधि वितरण केंद्र पर लगी भीड़। ● अमृत विचार



जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में जांच कराने के लिए लगी मरीजों की भीड़।

**अमृत विचार:** बदलते मौसम में त्वचा रोगी और बुखार पीड़ितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह बुखार न केवल बदन तोड़ रहा है बल्कि गले में खराश की शिकायत भी बढ़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में गुरुवार को 1448 मरीज उपचार के लिए आए। इसमें से अधिकांश मरीज बुखार के थे। चिकित्सक इसे वायरल संक्रमण बता रहे हैं। सुबह से अस्पताल के पर्चा काउंटर पर लंबी लाइनें लगी रहीं। डॉक्टरों के केबिन के बाहर मरीजों की भारी भीड़ रही।

मौसम में तेजी के साथ बदलाव हो रहा है। सुबह के समय कभी कोहरा तो आसमान साफ होने से सुबह ही कहीं हल्की तो कहीं तेज धूप निकल रही है। इसके सुबह शाम ठंड पड़ने के साथ दिन के समय मौसम शुष्क बना हुआ है। इससे कभी ठंड हो जाती तो कभी गर्मी का एहसास हो रहा है। ऐसे में लोगों के शरीर का तापमान भी गड़बड़ा गया है। ऐसे मौसम में संक्रामक बीमारियां होने की आशंका अधिक रहती है। वायरल संक्रमण की चपेट में न सिर्फ युवा आ रहे हैं, बल्कि बच्चे और बुजुर्ग भी हैं। सभी इस बुखार से पीड़ित हैं।

दवा लेने के बाद भी यह बुखार उतर नहीं रहा है। यह बुखार जाने में कम से कम आठ से 10 दिन का समय ले रहा है। वहीं, सीएचसी-पीएचसी पर भी बुखार पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। बदलते मौसम में त्वचा रोगी बढ़े हैं। खुजली के साथ एग्जिमा वाले पेशेंट अधिक आ रहे हैं। फिजिशियन डॉ. रोहित पाठक के अनुसार, मौसम में बदलाव होने के समय यदि रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है तो इसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ेगा। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से रोजाना हजार से डेढ़ हजार तक मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। इनमें करीब सौ मरीज भर्ती किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि खांसी, जुकाम, बुखार और सांस संबंधी दिक्कतों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। गले में खराश और त्वचा रोग के भी मरीज आ रहे हैं। डायरिया के मरीजों में बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ी है। बाल रोग वार्ड में कई बेड फुल हो चुके हैं। डॉक्टरों का कहना है कि त्योहारों में खुले और तले-भुने खानपान से बच्चे जल्दी संक्रमित हो रहे हैं। अस्पताल प्रशासन ने एहतियात के तौर पर डायरिया और सांस संबंधी मरीजों के लिए अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की है।

### डॉक्टरों ने दी सावधानी बरतने की सलाह

सीएमएस डॉ .आरके कोली ने बताया कि ठंड की शुरुआत में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है। ऐसे में सुबह-शाम ठंड से बचाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में हल्का गर्म पानी पिएं, सादा भोजन करें और बिना जरूरत धूल या धुएं में न निकलें। अभिभावक बच्चों को मौसम के अनुरूप कपड़े पहनाएं, ठंडे पेय-पदार्थ और जंक फूड से बचाएं, तथा सुबह-शाम के समय बाहर खेलने से पहले सावधानी बरतें।

### सुबह से लाइन, दिनभर रहा इलाज का दौर

अस्पताल के पर्चा काउंटर पर सुबह से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। दोपहर तक करीब डेढ़ हजार पर्चे बनाए जा चुके थे। डॉक्टरों के अनुसार, हर रोज करीब 150 नए मरीज सिर्फ ठंड और सर्दी से जुड़ी बीमारियों के साथ आ रहे हैं।

### डॉक्टरों की सलाह

- बच्चों को गुनगुना पानी पिलाएं और सादा, पौष्टिक भोजन दें।
- सुबह-शाम के समय ठंडी हवा से बचाएं।
- घर में वेंटिलेशन अच्छा रखें, लेकिन ठंडी हवा सीधे बच्चों पर न पड़े।
- विटामिन सी और तरल पदार्थ का सेवन बढ़ाएं ताकि रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे।
- लक्षण बढ़ने पर घर पर इलाज न करें, तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

## आज तो कम मारा है, अगली बार जान से मार देंगे

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शहर की खपरैल बाजार शहर की प्रमुख बाजार है। यहां भारी भीड़भाड़ रहती है। शहर के हाथीपुर उत्तरी निवासी रामजी मौर्य ने बताया कि वह गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे खपरैल बाजार में अपने मित्र अनिकेत गुप्ता की दुकान पर कपड़े लेने गया था।

आरोप है कि इसी दौरान अनमोल गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, आयुष गुप्ता निवासी हाथीपुर कोठार हनुमान मंदिर के पीछे व उनके अन्य साथियों ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने तमंचा दिखाकर धमकाते हुए कहा कि आज तो कम मारा है, अगली बार जान से मार देंगे। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई।

पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## 22 को आईटीआई राजापुर में लगेगा कैंप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** आईटीआई राजापुर में आयोजित वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में स्वास्थ्य विभाग भी भागीदारी कर रहा है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने आम जनमानस से अपील की है कि जिन नागरिकों की आयु 70 वर्ष से अधिक हो चुकी है, अथवा जिनके परिवार में कोई वरिष्ठ नागरिक इस आयु वर्ग में आता है, वे अपना आयुष्मान गोल्डन कार्ड अवश्य बनवाएं।



डॉ. संतोष गुप्ता।

सीएमओ ने बताया कि 22 फरवरी, रविवार को आईटीआई राजापुर में सुबह 10 बजे से आयोजित वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए पात्र लाभार्थियों को केवल आधार कार्ड साथ लाना होगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम निर्धारित समयावधि में मौके पर उपस्थित रहकर कार्ड बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जा रहे हैं, जहां नागरिक स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज मिलता है। देशभर के पैनल में शामिल सरकारी व निजी अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा है। बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान और त्वरित उपचार की सुविधा है।

## लोगों ने अपने खर्च से गड्ढे भरवाए

**मैलानी, अमृत विचार:** नगर पंचायत की लापरवाही से मैलानी नगर पंचायत के वार्ड 6 में लगभग दो वर्षों से सड़क पर गड्ढा था। मोहल्ले वासियों की शिकायत पर नगर पंचायत द्वारा नपाई तो करवाई। बावजूद इसके अब तक मरम्मत कार्य नहीं कराई गई। लगातार समस्या और राहगीरों को हो रही असुविधा को देखते हुए स्थानीय नगर वासियों ने स्वयं के खर्च से ही गड्ढे का निर्माण/मरम्मत कार्य कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से शिकायत के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तब मजबूर होकर स्वयं ही पहल करनी पड़ी। वार्डवासियों ने इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया, लेकिन साथ ही नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। ताकि नागरिकों को अपने संसाधनों से कार्य न कराने पड़ें।

# जमानत पर छूटे अपराधियों पर रखें कड़ी नजर

- **होली और ईद को लेकर पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने के एडीजी ने दिए निर्देश**
- **अपराध होने के बाद आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करना भी पुलिस की प्राथमिकता**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पत्रकारों से वार्ता करते एडीजी लखनऊ प्रवीण कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लखनऊ परिक्षेत्र के एडीजी प्रवीण कुमार ने कहा है कि जघन्य अपराधों में शामिल होकर जमानत पर छूटे अपराधियों की लगातार निगरानी की जाए और जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने आगामी होली और ईद पर्व को लेकर पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए।


एडीजी ने कहा कि जिन स्थानों पर पूर्व में विवाद की स्थिति रही है, वहां दोबारा मुआयना कर रणनीति तैयार की जाए। अपराध होने के बाद आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करना भी पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

जेल से छूटने के बाद अपराधी दोबारा अपराध न करे, इसके लिए ठोस योजना बनानी होगी, ताकि भविष्य में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। शारीरिक शोषण के मामलों में पुलिस को विशेष गंभीरता बरतने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों के कई आरोपी नशे के आदी पाए जाते हैं, इसलिए समय-समय पर उनकी काउंसलिंग भी कराई जाए। पुलिस अदालत में मुकदमों की मजबूती से पैरवी करे, जिससे आरोपियों को सजा दिलाई जा सके।

होली के दौरान विवादित स्थलों पर घटनाएं सामने आती हैं, इसलिए राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय कर पहले ही मामलों का निस्तारण कर लिया जाए, ताकि पर्व पर शांति बनी रहे। इससे पूर्व एडीजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। अपराध होने के बाद आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करना भी पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में लंबित मुकदमों की स्थिति और अपराध नियंत्रण की समीक्षा की। साथ ही अभ्यस्त अपराधियों की मॉनिटरिंग कर उनके खिलाफ गुंडा एक्ट व गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, एएसपी पूर्वी पवन गौतम, एएसपी पश्चिमी अमित राय सहित जिले के सभी सीओ, इंस्पेक्टर और एसओ मौजूद रहे।

# पिंजरे में फंसा मादा तेंदुआ, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

संवाददाता, धौरहरा



वन विभाग के पिंजरे में बंद मादा तेंदुआ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वन रेंज धौरहरा क्षेत्र में पिछले करीब एक साल से ग्रामीणों में दहशत का पर्याय बना मादा तेंदुआ आखिर चकमा खा गया। बकरी का शिकार करने के लालच में वह वन विभाग के पिंजरे में फंस गया। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर फैलते ही आसपास के गांवों में राहत की लहर दौड़ गई।

धौरहरा वन रेंज चंदैयापुर क्षेत्र के गांव कंडौहा निवासी शालिकराम के आम के बाग में वन विभाग ने बीते दिनों पिंजरा लगाकर उसमें बकरी बांधी थी। शुक्रवार अलसुबह शिकार की नीयत से पहुंचे तेंदुए ने जैसे ही बकरी पर हमला करने का प्रयास किया, वह पिंजरे में बंद हो गया। सुबह ग्रामीणों ने पिंजरे में तेंदुए को देखा तो मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर मेडिकल परीक्षण के बाद जंगल में छोड़ा जाएगा। गौरतलब है कि पिछले एक वर्ष से तेंदुए की मौजूदगी के चलते क्षेत्र के कई गांवों में पशुओं पर हमले की घटनाएं सामने आई थीं। ग्रामीणों में भय का माहौल था और लोग शाम ढलते ही घरों में दुबकने को मजबूर थे। तेंदुए के पकड़े जाने से कंडौहा, चंदैयापुर व आसपास के गांवों के लोगों ने राहत महसूस की है।



पिंजरे से छलांग लगाकर जंगल में जाता बाघ। ● अमृत विचार

### पिंजरे में कैद बाघ को दुधवा नेशनल पार्क में छोड़ा

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** क्षेत्र में कई दिनों से दहशत का कारण बने बाघ को गुरुवार को वन विभाग की टीम ने दुधवा के जंगल में छोड़ दिया। पिंजरे का दरवाजा खुलते ही बाघ फुर्ती से बाहर निकला और जंगल की ओर भाग गया। पिछले कुछ समय से बाघ की चहल-कदमी गन्ने के खेतों में देखी जा रही थी, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल था। बाघ ने कई पालतू पशुओं को अपना शिकार बनाया था। दो दिन पूर्व संपूर्णानगर वन रेंज के तहत हजारा क्षेत्र के चंदनगर गांव में बाघ ने एक गाय को मार डाला था। इसके बाद वह दो दिनों तक अपने शिकार के पास ही गन्ने के खेत में डेरा डाले रहा। वन विभाग की टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही थी। गुरुवार शाम वन विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से गन्ने के खेत की घेराबंदी की। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पहुंची चिकित्सक टीम ने बाघ को सुरक्षित तरीके से पिंजरे में कैद किया और रेंज कार्यालय लाया गया। वहां चिकित्सकों के पैनल ने उसके स्वास्थ्य की जांच की। स्वस्थ पाए जाने के बाद बाघ को दुधवा नेशनल पार्क के जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया। संपूर्णानगर वन क्षेत्राधिकारी ललित कुमार ने बताया कि बाघ पूरी तरह स्वस्थ था और उसे सुरक्षित रूप से जंगल में मुक्त कर दिया गया है। वन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

## भंसड़िया क्रॉसिंग पर शराब के नशे में मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शहर की भंसड़िया क्रॉसिंग के पास शादी समारोह में जा रहे कार सवार को युवकों ने रोक लिया और लोहे की रॉड से पिटाई कर दी। इससे वह घायल हो गया।

थाना ईसानगर निवासी नौरंगपुर निवासी विकास कुमार शुक्ला ने बताया कि गुरुवार की रात करीब 8:20 बजे वह गोला बघेल गांव में एक शादी समारोह में जा रहे थे। आरोप है कि भंसड़िया क्रॉसिंग के पास कार से आए विक्की सिंह निवासी देवकली रोड उसके भाई विशाल सिंह ने उनकी गाड़ी के सामने वाहन खड़ा कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपी शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर लोहे की रॉड, लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके साथी पंकज रस्तोगी और राम कुमेश को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चीनी मिल जीएम आवास पहुंचा बाघ, फोटो वायरल

संवाददाता, संपूर्णानगर



जीएम के आवास गेट के पास खड़ा बाघ।

- **जीएम बोले- गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने खींची फोटो**

**अमृत विचार:** शुक्रवार को सोशल मीडिया पर चीनी मिल के जीएम आवास के गेट के सामने बाघ की फोटो वायरल होने से कस्बा, सिंगाही खुर्द, वृन्दावन कॉलोनी व थाना हजारा क्षेत्र के ग्रामीणों में फिर दहशत फैल गई।

चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक सादाब असलम ने बताया कि शुक्रवार की रात में ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने बाघ की फोटो ली थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 3 बजे गार्ड ने आवास के सामने गन्ने के खेत से निकलकर सड़क पर टहलते हुए और गेट की ओर बढ़ते बाघ को अपने मोबाइल में कैद किया। बताया जा रहा है कि बाघ आए दिन रात के समय इलाके में विचरण करता नजर आता है। इसकी सूचना वन विभाग के संपूर्णानगर रेंजर को दे दी गई है।

सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद कुछ यूजर्स ने चुटकी लेते हुए टिप्पणी की कि बाघ जीएम से मिलने गया था। हालांकि स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। चीनी मिल कर्मचारियों और वृन्दावन कॉलोनी के ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों में अक्सर बाघ की मौजूदगी देखी जाती है। रात होते ही वह मुख्य सड़कों तक आ जाता है। देर रात ड्यूटी से लौटने वाले कर्मचारियों को भी कई बार गेट के पास बाघ दिख चुका है।

# टाइगर रिजर्व से बाहर निकल रहे बाघ-तेंदुए

- **तराई में बढ़ा मानव-वन्यजीव संघर्ष**

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** तराई क्षेत्र में स्थित दुधवा टाइगर रिजर्व से बाघ और तेंदुओं के जंगल की सीमाएं छोड़कर बाहर निकलने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा लगातार गहराता जा रहा है।

कुछ महीनों में दुधवा के आसपास बसे गांवों और गन्ने के खेतों में बाघ व तेंदुओं की मौजूदगी लगातार दर्ज की गई है। कई ग्रामीण, उनके बच्चे और पालतू पशु इन वन्यजीवों के हमलों का शिकार हो चुके हैं। ग्रामीणों ने खेतों और आबादी के निकट बाघ व तेंदुओं के देखे जाने की सूचना कई बार वन विभाग को दी है। लगाए गए पिंजरों में हाल के दिनों में कई बाघ और तेंदुए पकड़े भी गए हैं। मझगईं रेंज और राजा टॉपर गांव में तेंदुए तथा संपूर्णानगर रेंज में बाघ का पकड़ा जाना इसका उदाहरण है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंगल में घटता प्राकृतिक आवास, शिकार की कमी और मानव गतिविधियों का बढ़ता दबाव वन्यजीवों को रिहायशी इलाकों की ओर आने को मजबूर कर रहा है।

बाघों की संख्या में वृद्धि के कारण नए युवा बाघ अपना अलग क्षेत्र तलाश रहे हैं, जिससे वे जंगल की सीमा पार कर रहे हैं। वहीं तेंदुए स्वभाव से अनुकूलनशील होते हैं और मानव बस्तियों के पास भी शिकार कर लेते हैं। हाल के दिनों में पालतू पशुओं पर हमले और खेतों में काम कर रहे लोगों के सामने अचानक वन्यजीवों के आने की कई घटनाएं सामने आई हैं। वन अधिकारियों के अनुसार गश्त बढ़ाई गई है, ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि किसी बड़ी घटना को रोका जा सके। विशेषज्ञों का सुझाव है कि वन्यजीव गलियारों (वाइल्डलाइफ कॉरिडोर) का निर्माण और पुनर्स्थापन बेहद जरूरी है, जिससे बाघ और तेंदुए सुरक्षित रूप से एक स्थान से दूसरे स्थान तक आवाजाही कर सकें। साथ ही मुआवजा प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाए जाने की भी आवश्यकता है।

पर्यावरणविदों का मानना है कि यदि जंगलों के आसपास अनियंत्रित विकास और अतिक्रमण पर प्रभावी रोक नहीं लगी, तो भविष्य में मानव-वन्यजीव संघर्ष और गंभीर रूप ले सकता है। दुधवा क्षेत्र की यह स्थिति वन संरक्षण और मानव सुरक्षा के बीच संतुलन की बड़ी चुनौती बनती जा रही है।

# श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव पर निकली शोभा यात्रा

- **हाथों में केसरिया ध्वज लेकर शामिल हुई श्याम भक्तों की टोली**

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** नगर के श्री श्याम मित्र मंडल ने इस वर्ष भी तीन दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा के साथकिया। पहले दिन सैकड़ों श्रद्धालु स्त्री-पुरुषों ने नगर की प्रमुख सड़कों पर केसरिया श्याम ध्वज लहराते हुए ढोल-नगाड़ों और श्याम भजनों की धुन पर झूमते हुए विशाल शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा नगर के मोहल्ला सुभाष नगर स्थित दादी सती मां मंदिर से प्रारंभ होकर मोहल्ला किसान दो स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर तक पहुंची। यात्रा स्टेशन रोड, माल गोदाम रोड एवं पालिका रोड से होकर निकाली गई। मार्ग में भक्तों द्वारा लगाए जा रहे जय श्री श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। ढोल-नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु थिरकते नजर आए। हाथों में बड़े-बड़े केसरिया और गुलाबी श्याम ध्वज लिए पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी मारवाड़ी समाज की महिलाओं पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। शोभायात्रा के दौरान स्वयंसेवक व्यवस्था संभालने में सक्रिय रहे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार को देश के प्रसिद्ध भजन गायक सौरभ शर्मा अपनी टीम के साथ भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगे। वहीं रविवार को श्री खाटू श्याम मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# 5 वाहन स्वामियों ने जमा किया एकमुश्त कर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



परिवहन मेले में जानकारी देते यात्री मालकर अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र कुमार।

**अमृत विचार:** व्यावसायिक वाहन स्वामियों को मासिक कर जमा करने की कठिन प्रक्रिया से राहत दिलाने के लिए परिवहन विभाग ने कार्यालय परिसर में वन टाइम टैक्स जमा कराने के लिए दो दिवसीय मेले का आयोजन किया। पहले दिन पांच वाहन स्वामियों ने एकमुश्त कर जमा किया।

शुक्रवार को गांव पहाड़ापुर स्थित परिवहन कार्यालय परिसर में आयोजित शिविर का नेतृत्व यात्री मालकर अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ने किया। शिविर में सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) संजय कुमार सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। जनपद के अनेक वाहन स्वामियों और ट्रांसपोर्टरों ने शिविर में पहुंचकर योजना की जानकारी ली। डॉ. कौशलेंद्र ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप अब 7500 किलोग्राम तक के व्यावसायिक वाहन स्वामी अपने वाहन पर केवल एक बार कर जमा कर सकते हैं। इससे उन्हें हर माह टैक्स जमा करने की अनिवार्यता से मुक्ति मिलेगी और समय के साथ-साथ आर्थिक प्रबंधन में भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था विशेष रूप से छोटे और मध्यम ट्रांसपोर्टरों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। शिविर में अधिकारियों ने वन टाइम टैक्स जमा करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और उससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। वाहन स्वामियों ने भी इस पहल को सराहा और इसे विभाग की सकारात्मक पहल बताया।

पहले दिन पांच वाहन स्वामियों ने मौके पर ही एक बारीय कर जमा किया, जबकि 18 अन्य वाहन स्वामियों ने अगले दिन कर जमा करने का आश्वासन दिया। परिवहन विभाग को उम्मीद है कि इस दो दिवसीय मेले से अधिकाधिक वाहन स्वामी योजना का लाभ उठाएंगे।

अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 21 फरवरी 2026 खीरी

न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर धमकी देने का आरोप

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार:** थाना खमरिया क्षेत्र के गांव लोधपुरवा (रेहरिया कला) निवासी सरिता देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उनका पति बाहर काम करने गया हुआ है। आरोप है कि रात करीब 10 बजे गांव के ही कुलदीप उनके घर में घुस आया। शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया, लेकिन जाते समय गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना से भयभीत महिला ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज

### सेवा कार्यों के लिए याद रहेंगे डा. प्रदीप टंडन

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार:** नगर के सौभाग्य पैलेस सभागार में सेवा भारती के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा में दंत चिकित्सक स्वर्गीय डा. प्रदीप टंडन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख युद्ध वीर ने कहा कि जो लोग समाज हित में कार्य करते हैं, उन्हें पीढ़ियों तक याद रखा जाता है। इससे पूर्व सेवा भारती अवध प्रांत के महामंत्री रजनीश, जिलाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, डा. प्रदीप मेहता, किशन सेठ एवं डा. रुचिका टंडन ने अपने संस्मरण साझा किए। संचालन राम मोहन गुप्त ने किया। इस दौरान सह विभाग प्रचारक अविनाश, अभिषेक, राजेश दीक्षित, डा. डीएन मालपानी, डा. जयराम, सीए अमित गुप्ता, दीनानाथ झा, सुरेश अग्रवाल आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।

### एलटी लाइन की चपेट में आकर भैंस की मौत

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार:** थाना खीरी के गांव सुहेला में एलटी लाइन का तार अचानक टूटकर गिर गया, जिससे गांव के ही बृजकिशोर की भैंस करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र देकर भैंस का पोस्टमार्टम कराने और मुआवजा दिलाने की मांग की है। जिससे गांव के ही बृजकिशोर की भैंस करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगी एलटी लाइन के तार काफी जर्जर हैं। इससे उनके टूटकर गिरने का खतरा हमेशा बना रहता है।

# 129 केंद्रों पर कड़ी निगरानी में हुई यूपी बोर्ड परीक्षा

## हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 85,020 परीक्षार्थी उपस्थित, 2,453 रहे अनुपस्थित, सीसीटीवी निगरानी में परीक्षा हुई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की परीक्षा शुक्रवार को जिले के 129 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। शुक्रवार की परीक्षा में कुल 87,473 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 85,020 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 4,453 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासनिक सख्ती, सीसीटीवी निगरानी और सचल दलों की सक्रियता के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कराई गई।

प्रथम पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस विषय में कुल 48,570 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 45,819 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,751 अनुपस्थित रहे। केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ रही और सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। इस विषय में 38,903 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 37,201 उपस्थित रहे और 1,702 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषय को लेकर परीक्षार्थियों में विशेष उत्साह और हल्का तनाव भी देखा गया। परीक्षा के दौरान सभी 129 केंद्रों पर स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की निगरानी रही। कंट्रोल रूम से भी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई। सचल दलों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी एवं वॉयस रिकॉर्डर युक्त कैमरे सक्रिय हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।


परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। • अमृत विचार

### सीबीएसई इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत शुक्रवार को इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। निर्धारित समयानुसार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जिले में भौतिक विज्ञान विषय के लिए कुल 1906 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1882 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले के सभी 10 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा समय से प्रारंभ हुई। प्रवेश से पूर्व परीक्षार्थियों की जांच की गई तथा निर्धारित समय के बाद किसी को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। प्रश्नपत्र वितरण एवं उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन की प्रक्रिया भी तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी की गई। परीक्षा समाप्त होने के बाद कई विद्यार्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित बताया। छात्र छात्राओं ने बताया कि कुछ प्रश्न अवधारणात्मक रहे, जबकि संख्यात्मक प्रश्नों ने विद्यार्थियों की तैयारी की वास्तविक परीक्षा ली।


तैयारी के अनुसार पेपर हल कर लिया। ज्यादा कठिन नहीं था। सभी प्रश्न समझ में आने वाले थे। इस वजह से उत्तर लिखने के लिए पर्याप्त समय मिला। **-पीयूष शुक्ला**, कक्षा 10


सामाजिक विज्ञान का पेपर सामान्य स्तर का आया था। प्रश्न अधिकतर पाठ्यक्रम के अनुसार ही थे। किसी प्रकार की खास कठिनाई महसूस नहीं हुई। **-हर्ष कक्षा 10**


प्रश्नपत्र बोर्ड के निर्धारित पैटर्न के अनुसार आया। वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक प्रश्नों में संतुलन रहा। पेपर का स्तर सामान्य था। समय से सभी उत्तर लिख लिए। **-हिमांशु राज कक्षा 10**


सामाजिक विज्ञान का पेपर आसान रहा। पेपर ज्यादा कठिन नहीं लगा। पेपर देखने के बाद खुशी हुई कि पेपर में ज्यादातर परीक्षा की तैयारी में पढ़ा हुआ आया था। **-भविष्य नारायण सक्सेना कक्षा 10**


पेपर के सभी सेक्शन काफी सरल और समझ में आने वाले थे। प्रश्न पत्र बोर्ड के निर्धारित पैटर्न के अनुसार ही आया था। पेपर हल कर लिया। कोई परेशानी नहीं हुई। **सत्यम, कक्षा 12 के छात्र**


अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी, जो अपेक्षा के अनुरूप रही। प्रश्न ज्यादा कठिन नहीं थे, कुछ सवालों में परेशान किया। परीक्षा केंद्र पर माहौल शांतिपूर्ण था। **-विनीत अवस्थी, कक्षा 12 के छात्र**

**हाईस्कूल (सामाजिक विज्ञान)**
पंजीकृत – 48,570
उपस्थित – 45,819
अनुपस्थित – 2,751

**इंटरमीडिएट (अंग्रेजी)**
पंजीकृत – 38,903
उपस्थित – 37,201
अनुपस्थित – 1,702

### होली पर्व का स्वागत कर रहे टेसू के फूल

**गोला गोकर्णनाथ।** ऋतु में अपनी रंगत का जादू बिखेरे टेसू के फूलों की बहार खिल गई है। हूबहू दीपक की लौ के आकार, अविरल छटा एवं प्राकृतिक रंगों से सराबोर टेसू के फूल इन दिनों चहुं ओर दिखाई पड़ रहे हैं। यह फूल बेहद खूबसूरत है। औषधीय गुणों से भरपूर भी है। पुराने जानकार आज भी रसायनिक और सिंथेटिक रंगों का प्रयोग न कर टेसू के फूलों को एकत्र कर बड़े बर्तन में उबालकर इसका रंग बनाते हैं और इसके रंग से होली खेलते हैं। आज भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व हल छठ पर्व पर टेसू के पत्तों पर प्रसाद ग्रहण किया जाता है। कस्बा के आयुर्वेदिक डॉक्टर पुत्तूलाल ने बताया कि टेसू के फूलों को उबालकर उसका अर्क चर्म रोगों में बहुत ही लाभदायक है। टेसू के फूलों को उबालकर त्वचा पर लगाने से चर्म रोग नहीं होते हैं, साथ ही त्वचा निखरती है।


सड़क किनारे पेड़ पर खिले टेसू के फूल।

## ला मार्टिना अकादमी ने क्रिकेट मैच जीता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

• अंडर-16 स्व. अमिय त्रिपाठी मेमोरियल इंटर अकादमी लीग

**अमृत विचार:** अंडर-16 स्व. अमिय त्रिपाठी मेमोरियल इंटर अकादमी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के तहत रॉयल फूड्स डिग्री कॉलेज मैदान पर ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी और ला मार्टिना क्रिकेट अकादमी के बीच रोमांचक लीग मुकाबला खेला गया।

टॉस जीतकर ला मार्टिना क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 25 ओवरों में टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 213 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अथर्व ने सर्वाधिक 32 रन बनाए, जबकि धैर्य रावत ने 31 रनों का योगदान दिया। समर्थ सिंह और आराध्य श्रीवास्तव ने 22-22 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी की ओर से दीपांशु, अंशदीप और आयुष ने 2-2 विकेट हासिल कर मुकाबले में पकड़ बनाने की कोशिश की। 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रीन फील्ड क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 120 रनों पर सिमट गई।

अंशुमान ने 21 रन बनाए, जबकि श्लोक और आयुष ने 19-19 रनों का योगदान दिया, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके। ला मार्टिना की ओर से ओम मिश्रा ने 4 विकेट चटकाए, वहीं समर्थ ने 3 विकेट लेकर जीत सुनिश्चित की। ओम मिश्रा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। अभिषेक शुक्ला, रामजी कश्यप, अनुपम त्रिपाठी, नरेंद्र शुक्ला, विवेक पुरी, पारिजात त्रिपाठी, मसीह अहमद, नीरज शुक्ला, श्याम मोहन श्रीवास्तव और रवि शंकर सहित कई मौजूद रहे।


20 एलकेएच 07 खेल मैदान पर पसीना बहाती टीमें। • अमृत विचार

## ब्राह्मणों ने डीएम और एसपी को सौंपा ज्ञापन

• बीएसए के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों पर ब्राह्मण समाज में रोष

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भारतीय दलित पैंथर के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम द्वारा सोशल मीडिया पर जूता आंदोलन नाम से साझा की गई पोस्ट में बीएसए प्रवीण तिवारी के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने से ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में समाज के लोग डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग से मिले। अफसरों को ज्ञापन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन की भी चेतावनी दी गई।

भारतीय दलित पैंथर के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम की पोस्ट वायरल होने के बाद जिले के ब्राह्मण समाज में आक्रोश फैल गया। ब्राह्मण समाज सेवा समिति के कई पदाधिकारी शुक्रवार को डीएम और एसपी कार्यालय पहुंचे। पदाधिकारियों ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने अफसरों को बताया कि पोस्ट में बीएसए को भ्रष्ट, जातिवादी, नारी शक्ति विरोधी व चोर जैसे अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया है। साथ ही 27 फरवरी को उन्हें जूता मारते हुए जिले से बाहर खदेड़ने की बात कही गई है। समिति का कहना कहना है कि बीएसए प्रवीण तिवारी शासकीय अधिकारी हैं। शासकीय अधिकारी के विरुद्ध ऐसी भाषा का प्रयोग निंदनीय है। इससे सामाजिक सौहार्द्य बिगड़ सकता है।

समिति के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अफसरों को ज्ञापन देकर प्रकरण का संज्ञान लेने और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान ब्राह्मण परिवार सेवा समिति अध्यक्ष अवधेश मिश्र, समवन्य समिति ब्राह्मण समाज के धीरज शुक्ल उर्फ मोनू, पत्तन मिश्र, ब्रजेश मिश्र, अवधेश मिश्र उर्फ दरोगा, प्रमेश त्रिवेदी, राजेश दीक्षित, देवव्रत पाण्डेय, परमानन्द त्रिवेदी, ललित शुक्ल, मनोज मिश्रा योगेश पांडे सौरभ पांडे अजय मिश्रा अंकुर शुक्ला अंबुज मिश्रा, सौरभ त्रिवेदी राजीव पांडे पुनीत शुक्ला सुमित बाजपेई गोविंद त्रिवेदी अभिषेक शुक्ला सौरभ बाजपेई अभिषेक शुक्ला आदि ब्रह्म समाज के लोग मौजूद रहे।


एसपी कार्यालय पर ज्ञापन देने जाते ब्राह्मण समाज सेवा समिति के पदाधिकारी।

## बोझवा गांव में लगी आग, तीन घर जले

• खेतों में काम करने गए थे घरों के लोग, लाखों का नुकसान

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव बोझवा में गुरुवार की शाम अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन घर जल गए। घरों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना उस समय हुई जब घरों के लोग परिवार के साथ खेतों में काम कर रहे थे, जबकि बच्चे घरों पर थे।

ग्रामीणों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि उसने देखते ही देखते विक्रम, छत्रपाल और कौशल के घरों को कुछ ही समय में पूरी तरह से जलाकर राख कर दिया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर-गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

बमुश्किल ग्रामीणों के प्रयास से उसके बच्चे व पशुओं को ही बाहर निकाला जा सका। सूचना पर पहुंचे लेखपाल अजय कुमार ने मौका मुआयना किया। नुकसान का आकलन कर अपनी रिपोर्ट तहसील अधिकारियों को सौंपी है। अग्निपीड़ित विक्रम, छत्रपाल और कौशल ने बताया कि वे गुरुवार अपराह्न खेतों पर काम करने गए थे। शाम करीब 5:30 बजे आग की सूचना मिली। वह लोग आनन- फानन में मौके पर पहुंचे। जैसे-तैसे अपने बच्चे और जानवर बाहर निकाल पाए। बाकी सब सामान जलकर राख हो गया।


बोझवा गांव में जल रहे घरों से उठतीं लपटें। • अमृत विचार

### कोठिया गांव में आग से दो घर राख, युवक झुलसा

**मझगईं, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव कोठिय निवासी गौरी और राजू के छप्परपोश घरों में गुरुवार शाम करीब छह बजे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दोनों घरों को अपनी चपेट में ले लिया। पास में स्थित विजेंद्र की घारी भी जल गई। ग्रामीणों के मुताबिक आग की शुरुआत सुभाष की बड़ेर से हुई बताई जा रही है। घटना के समय घरों पर कोई मौजूद नहीं था, सभी लोग मजदूरी के लिए बाहर गए थे। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने शोर मचाया और पानी आदि की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घरों में रखा सामान जलकर राख हो चुका था। अग्निकांड में करीब सात हजार रुपये की नगदी के साथ अनाज, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जल गया। आग बुझाने के प्रयास में सुभाष झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिए भेजा गया। सूचना पर राजस्व और पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### ड्यूटी जा रहे होमगार्ड की सड़क हादसे में मौत

**धौरहरा, अमृत विचार:** गांव दुर्गापुर पड़री निवासी श्याम विहारी शुक्ला (45) पीआरवी 112 की बाइक से ईसानगर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घायल होमगार्ड को एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भिजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत

नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने होमगार्ड को मृत घोषित कर दिया। पुलिस व होमगार्ड विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह

• ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी ने दिलाई नए पदाधिकारियों को

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** सेंट्रल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने शपथ दिलाई।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में हुये शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष पद पर रामकुमार गौतम, मंत्री पद पर संदीप कुमार अवस्थी, उपाध्यक्ष पद पर राजीव मिश्रा, संयुक्त मंत्री पद पर जगवीर सिंह भदौरिया तथा कोषाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र कुमार निर्वाचित हुए हैं। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बार के सभागार में तहसील के अधिवक्ताओं की मौजूदगी में शपथ दिलाई गई। विशिष्ट अतिथिं सब रजिस्टार रॉबिन वर्मा ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देकर बार और वादकारी एवं न्यायालय के हित में कार्य करने के लिये प्रेरित किया। इस मौके पर नरेश सिंह तोमर, विमल कुमार श्रीवास्तव, सुरेशचंद गुप्ता, राकेश कुमार वर्मा, लालबहादुर यादव, रजनी सिंह, सविता बाजपेई, कुसमा, संत कुमार भारती, जितेंद्र पांडे, रामू, राजेश गिरि नोटरी, नीलकमल गुप्ता, पंकज वर्मा, ओमप्रकाश, महेंद्र शुक्ला, संजय मिश्रा, निर्वाचन कमेटी में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के लाल बिहारी वर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी आदर्श वर्मा, सत्यपाल मित्रा, बिजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।


गोला में शपथ लेते सेंट्रल बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। • अमृत विचार

## गरीब की बेटी की शादी में की मदद


परिवार को मदद देते पटेल संस्था के पदाधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव बभिया रामपुर में पटेल सेवा संस्थान ने एक निर्धन परिवार की बेटी के विवाह में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। संस्थान की ओर से 70 हजार रुपये और गृहस्थी का सामान दिया है।

बेटी के हाथ पीले करने में मदद के लिए संस्थान की टीम गांव पहुंची। टीम के करुणेश वर्मा (गोला) ने 50 हजार, रामनिवास वर्मा (ओबीसी मोर्चा) ने 15 हजार और प्रमोद वर्मा एडवोकेट (गोला) ने 5 हजार रुपये भेंट किए, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली। संस्थान ने बेटी की विदाई के लिए जरूरी सामान भी दिया। विवाह से पूर्व संस्थान की ओर से 1 अलमारी, 1 बक्सा और पचहड़ के बर्तन बेटी के घर पहुंचाए गए।

### युवक को पीटा, छह लोगों पर आरोप

**संवाददाता, खुटार, अमृत विचार:** जनपद पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव फतेपुर खुर्द निवासी सूरज वर्मा ने पुलिस को बताया कि 19 फरवरी की रात करीब ग्यारह बजे वह अपनी बुआ की लड़की की शादी में खुटार के गांव कुइयां आया था। आरोप है कि गांव के ही तीन लोगों ने अपने तीन साथियों के साथ उससे वेबजह गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ पिटाई की और लाठी-डंडों व धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। पिटाई से वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। उक्त लोग गंभीर हालत में उसे छोड़कर मौके से भाग निकले। जबकि उक्त लोगों ने मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। शुक्रवार को सूरज वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

**अनदेखी** | साफ-सफाई न होने से चोक हैं नालियां, सड़कों पर भर रहा गंदा पानी

## गंदगी से बढ़ी परेशानी, संक्रमण फैलने की आशंका

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचार:** बिजुआ विकास खंड क्षेत्र के भानपुर गांव में सफाई व्यवस्था चरमराने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव की नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं और कई स्थानों पर गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में नियुक्त सफाई कर्मचारी केवल खानापूर्ति करने आते हैं। नियमित साफ-सफाई नहीं होने से पूरे गांव में गंदगी पसरी हुई है। त्यौहार नजदीक होने के बावजूद सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया है। भीरा-बिजुआ मार्ग से जुड़े भानपुर गांव के अंदर जाने वाले रास्ते पर बनी नालियां कूड़ा-करकट से पटी हुई हैं। नालियों के चोक होने से उनका गंदा पानी पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे राहगीरों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। कीचड़ और गंदे पानी के कारण लोगों को विशेष रूप से सुबह-शाम आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत द्वारा सफाई के लिए कर्मचारी की नियुक्ति तो की गई है, लेकिन कागजों में ही सफाई दिखाई जा रही है। जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। नालियों में भरा गंदा पानी और उससे उठती दुर्गंध के कारण लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है।


भानपुर चौराहे से अंदर जाने मार्ग पर नालियों का भरा गंदा पानी। • अमृत विचार

“स्वयं मौके पर जाकर समस्या का निरीक्षण करूंगा। सफाईकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगा। समस्या का जल्द से समाधान कराया जाएगा। **-सुरेश कुमार ग्राम पंचायत सचिव**


नालियों में भरा कूड़ा-कचरा।


यह मार्ग हाईवे से जुड़ा हुआ है। रास्ते में पानी भरा रहने के कारण आवागमन में काफी दिक्कतें होती हैं, लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। **-रामऔतार ग्रामीण।**


समस्या कई महीनों से बनी है। नालियां बजबजा रही हैं। उनसे गंदा पानी बाहर निकल रहा है। बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कोई देखने वाला नहीं है। **-विनोद कुमार ग्रामीण**


सफाई कर्मचारी खानापूर्ति कर रहे हैं। नालियां चोक होने से पानी का निकास नहीं होता है। रास्तों में भरे गंदे पानी की बदबू से लोगों का जीना मुश्किल है। **-सूर्य प्रसाद जायसवाल ग्रामीण**

## न्यूज ब्रीफ

### बंदर के हमले में किशोरी छत से गिरकर घायल

तिलहर, अमृत विचार : नगर में बंदर के हमले से एक किशोरी घायल हो गई। घायल अवस्था में परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मोहल्ला इमली निवासी फिरासत की पुत्री अमरीन शुक्रवार को घर की छत पर पड़ी कचरी की रखवाली कर रही थी। इसी दौरान एक बंदर ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बंदर के हमले से घबराकर अमरीन छत से नीचे गिर गई, जिससे वह घायल हो गई। परिवार के लोग उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉ. ने उसका उपचार किया। हालत को देखते हुए चिकित्सक ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### उधार के रुपये वापस मांगने पर दी धमकी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सैनिक कालोनी गदियाना निवासी महेश कटेरिया ने एसपी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पूर्व परिचित जगतरात वर्मा निवासी शाहमतगंज गौटिया थाना सदर बाजार ने आर्थिक आवश्यकता बताकर उनसे रुपये उधार लिए थे। आरोप है कि महेश ने अपने पास से एक लाख 62 हजार रुपये तथा अपने परिचित चंद्र प्रकाश से एक लाख 70 हजार रुपये दिलवाए। इस प्रकार कुल 3 लाख 32 हजार रुपये आरोपी को दिए गए। पीड़ित ने बताया कि उनकी सगी भतीजी की शादी 24 फरवरी 26 को निर्धारित है तथा चंद्र प्रकाश की बहन की शादी 20 मार्च 26 को है। उन्होंने विवाह की तैयारी को लेकर आरोपी से रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी।

### बाइक की टक्कर में एक और घायल

निघासन, अमृत विचार : बाइक से पनीर लेकर अस्पताल के समाने इनोवा ने टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने गाड़ी को दौड़कर पकड़ लिया और कब्जे में लिया है। कस्बा निवासी महेश ने बताया कि वह बाइक से पनीर लेकर घर जा रहा था। अस्पताल के समाने तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

# तमंचे की गोली से ई-रिक्शा चालक घायल

## कांशीराम आवास कॉलोनी में फायरिंग से मची भगदड़, घायल की हालत गंभीर, लखनऊ रेफर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** काशीराम आवास कॉलोनी में दिनदहाड़े हुई फायरिंग से लोगों में दहशत है। फायरिंग करते हुए भाग रहे युवकों की गोली से कॉलोनी निवासी ई रिक्शा चालक लईक (42) गंभीर घायल हो गया, जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल में भी डॉक्टरों ने हालत गंभीर भांपकर उसे लखनऊ रेफर कर दिया है।

पंजाबी कॉलोनी रोड स्थित कांशीराम आवास कॉलोनी में शुक्रवार को 11 बजे अचानक किसी बात को लेकर दो युवक फायरिंग करने लगे। दिनदहाड़े हुई फायरिंग से कॉलोनी के लोग दहशत में आ गए। वहां मौजूद लोगों सोनी, पुष्पा, शिवानी ने बताया कि हमलावर बाहरी लग रहे हैं। वह किसी व्यक्ति को दौड़ाते हुए कॉलोनी में आए थे। दोनों में एक युवक ने कॉलोनी में आकर भी दो तीन राउंड फायरिंग की। यह देखकर लईक और वहां मौजूद कुछ लोग फायरिंग कर भाग रहे युवकों का पीछा करने लगे। वे लोग काशीराम आवास कॉलोनी होकर नवीन बाईपास रोड पर भाग निकले। उसमें से एक युवक ने तमंचे से फायरिंग कर दी।

गोली काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर चार निवासी लईक (42) पुत्र छिद्दू के सीने में बांई ओर जा लगी। गोली लगते ही कॉलोनी और आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। गोली लगने से घायल लईक को सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। उसमें से एक युवक ने तमंचे से फायरिंग कर दी। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने फायरिंग करने वाले दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। लईक के परिवार में पत्नी, विवाहित बेटा और एक बेटी है।



गोला सीएचसी में लगी भीड़ और मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार


गोला सीएचसी में भर्ती घायल लईक।

- फायरिंग कर भाग रहे युवकों की गोली चालक को लगी

### लेनदेन का माना जा रहा विवाद

सीओ रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि बिजुआ निवासी संगम नाम का एक व्यक्ति पंजाबी कॉलोनी में किराए पर रहता है। उसके साथ हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव हेमपुर निवासी प्रशांत कमल और हैदराबाद निवासी प्रशांत वर्मा ऑनलाइन शेयर में निवेश करने का काम करते हैं। बताया कि संगम का एक लाख रुपए प्रशांत कमल पर बकाया था, जिसमें 53 हजार रुपया उन्हें ऑनलाइन मिल गया था, 47000 रुपए की देनदारी बाकी थी। प्रशांत कमल अपने साथी प्रशांत वर्मा के साथ हिसाब किताब करने संगम के पास आए थे। विवाद होने पर दोनों को घेर लिया गया। पीछा कर रहे लोगों से बचने के चलते आरोपियों ने फायरिंग कर दी, जिसमें गोली लईक को लगी है।

> पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। फायरिंग किए जाने वाला अवैध तमंचा भी बरामद हो गया है। लईक को सीने से नीचे पेट में गोली लगी है। घायल को इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया है।
>
> –**रमेश कुमार तिवारी**, सीओ गोला

# सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सदर में ई-रिक्शे की टक्कर से बाइक सवार ने दम तोड़ा
- अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दो लोगों की गई जान

**अमृत विचारः** शहर के एलआरपी चौराहा के पास आवारा जानवरों से बचने के प्रयास में एक बाइक सवार ई-रिक्शा से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात वाहनों की टक्कर से दो लोगों की जान चली गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर तीनों शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

पहला हादसा सदर कोतवाली क्षेत्र में हुआ। शहर के मोहल्ला ईदगाह बल्देव नगर निवासी संजू का 26 वर्षीय बेटा आदर्श शादी की पार्टियों में कैटरिंग लगाने का काम करता था। गुरुवार की शाम आदर्श अपने भाई विशाल के साथ बाइक से एलआरपी स्थित एक गेस्ट हाउस में कैटरिंग लगाने जा रहा था। बताते हैं कि जैसे ही वह गेस्ट हाउस के पास आवारा जानवर को बचाने के चक्कर में उसकी बाइक ई-रिक्शा से टकरा गई। हादसे में आदर्श गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि विशाल को हल्की-फुल्की चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल हालत में आदर्श को जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरा हादसा थाना खीरी क्षेत्र में हुआ। सीतापुर जिले के गांव सहरोई चकराउतपुर निवासी राकेश का 36 वर्षीय बेटा कुलदीप गुरुवार को थाना खीरी क्षेत्र के गांव लौकी निवासी अपनी चचेरी बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होने बाइक से आया था। बताते हैं कि इसके बाद वह समारोह से देर रात घर वापस लौट रहा था। पलिहार बरतेर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। वहीं थाना खीरी क्षेत्र के गांव कुम्हारन पुरवा निवासी निवासी कल्लू का 24 वर्षीय बेटा अंकित गुरूवार की देर रात थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव सैदापुर एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर बाइक से लौट रहा था। बताते हैं कि गांव टेढ़ुई और सैदापुर के बीच वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर तीनों शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं। युवकों की मौत से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# लक्ष्मी नारायण मंदिर का मनाया वार्षिकोत्सव


गोला के भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में हवन में आहुतियां डालते चीनी मिल के अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बजाज चीनी मिल में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी सुधीर बिजल्वाण ने मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड राकेश यादव और उनकी पत्नी शिखा यादव के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन, पूजन कराया।

हवन, पूजन एवं आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही नगर के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों एवं ब्राह्मणों को अंगवस्त्र और दक्षिणा देकर भोजन कराया गया। एके पांडे, पीएस चतुर्वेदी, केके तिवारी, पीसी गुप्ता, अजीत तिवारी, संदीप कटियार, जीएन सिंह, अखिलेश सिंह, सतीश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# धर्मशाला के सेवादार के निधन पर शोक

**मैलानी, अमृत विचारः** धर्मशाला के मैनेजर का अटैक पड़ने से निधन हो गया। मौत की खबर सुनते ही नगरवासियों में दुःख की लहर दौड़ गई। व्यापार मंडल के महामंत्री प्रदीप शर्मा उर्फ मूलन भैया के मामा ने ताजीवन धर्मशाला में रहकर आने जाने वाले राजहरों की सेवा की। उनसे पहले उनके पिता स्व. मदनलाल ने भी धर्मशाला में रहकर राहगीरों की सेवा की। उसके बाद से ही धर्मशाला वार्ड में बने धर्मशाला में मैनेजर के पद पर रहकर 70 वर्षीय भानुप्रताप मिश्रा ने लोगों की सेवा की। गुरुवार रात को उनका अटैक पढ़ने से देहांत हो गया है। कई लोगों ने उनके निधन पर शोक जताया है।


भानुप्रताप मिश्रा।

# नेशनल हाईवे पर लगवाया रेडियम बोर्ड

संवाददाता, संसारपुर

- हादसों पर रोक लगाने के लिए पेट्रोल पंप स्वामी ने की पहल
- डिवाइडर पर लगी स्ट्रीट लाइटें कई माह से पड़ी हैं खराब

**अमृत विचारः** मैलानी थाना क्षेत्र के कस्बा संसारपुर से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 730 पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए कस्बे के एक पेट्रोल पंप स्वामी ने लगातार बढ़ रहीं सड़क दुर्घटनाओं को लेकर डिवाइडर पर रेडियम रिफ्लेक्टर बोर्ड लगवा दिया। उनकी इस सराहनीय पहल की राहगीरों ने तारीफ की।

हाईवे पर सड़क निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए डिवाइडर पर लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हैं, जिससे रात्रि के समय अंधेरा छाया रहता है। प्रकाश व्यवस्था ठप होने के कारण वाहन चालकों को डिवाइडर का अंदाजा नहीं लग पाता, जिस कारण लगातार सड़क हादसे हो रहे है।

रविवार शाम तेज रफ्तार और हड़बड़ी के चलते एक कार डिवाइडर पर चढ़ गई थी, जिसमें सवार लोग गंभीरघायल हो गए थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई थी। इसी बीच कस्बा स्थित धंजू पेट्रोल पंप के स्वामी दलजीत सिंह धनु ने मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए अपने खर्च पर डिवाइडर पर रेडियम रिफ्लेक्टर बोर्ड लगवाया। रात में हेडलाइट की रोशनी पड़ते ही यह बोर्ड दूर से ही चमक उठता है, जिससे वाहन चालकों को डिवाइडर स्पष्ट दिखाई देने लगा है।

रेडियम बोर्ड लगाए जाने से स्थानीय कस्बा वासियों एवं क्षेत्रवासियों ने पेट्रोल पंप स्वामी के इस कदम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह समाज के अन्य जिम्मेदार लोग भी आगे आएं तो कई दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। वहीं लोगों ने डिवाइडर पर बंद पड़े पांच स्ट्रीट लाइट पोल लगवाने की मांग की है।


धंजू पेट्रोल पंप के स्वामी ने लगवाया रिफ्लेक्टर रेडियम बोर्ड।

# बिजली बिल वसूली के दौरान उपभोक्ता ने की अभद्रता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- धारदार हथियार दिखाकर धमकी देने का आरोप
- तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू

**अमृत विचारः** शहर में बकाया वसूलने गई बिजली विभाग की टीम से एक उपभोक्ता ने अभद्रता कर जमकर हंगामा किया। आरोप है कि उसने धारदार हथियार लहराकर जान से मारने की धमकी दी। इससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने जेई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विद्युत उपकेंद्र नई बस्ती अमरजीप कुमार ने बताया कि उपकेंद्र से राजस्व वसूली और विच्छेदन के लिए एक टीम शहर के मोहल्ला बहादुरनगर गई थी। टीम में तकनीकी सहायक मिथिलेश निषाद सहित संविदाकर्मी अनूप कुमार, विवेक कुमार, अयेन्द्र पाल और निलेश मौर्य शामिल थे। सुबह करीब 10:30 बजे मोहल्ला बहादुरनगर (मामा समोसे वाली गली) में टीम पहुंची थी।

उन्होंने बताया कि मोहल्ले के ही उपभोक्ता जितेन्द्र कुमार रस्तोगी पर 97,876 रुपये का बिजली बिल बकाया था। टीम जब उनके मकान पर पहुंची और बकाया बिल जमा करने को कहा तो उपभोक्ता जितेंद्र कुमार रस्तोगी भड़क उठे और गाली गलौज करने लगे। टीम ने जब विरोध किया तो आरोपी घर से धारदार हथियार उठा लाया और कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देने लगा, जिससे वसूली और विद्युत विच्छेदन का कार्य प्रभावित हुआ और टीम वापस लौट आई। घटना के बाद से कर्मचारियों में भय का माहौल है।

अवर अभियंता अमरजीप कुमार ने आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।



# गोली लगने से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- लेनदेन के विवाद में आत्महत्या या हत्या, जांच में जुटी पुलिस
- पुलिस ने मौके से किया तमंचा बरामद, कई लोग हिरासत में

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली से सटे सलेमपुर कोन क्षेत्र में शुक्रवार को युवक की गोली लगने से संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मामला रुपयों के लेनदेन से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल पर जांच कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदीदीनपुरवा निवासी नितिन अवस्थी उर्फ आशीष (26) पुत्र मनीशंकर सलेमपुर कोन में किराए के मकान में रहता था। परिजनों के अनुसार वह ट्रांसपोर्टर राहुल मिश्रा की सलेमपुर कोन में दुकान पर मुनीम था।

बताया जाता है कि शुक्रवार को नितिन राहुल की गद्दी पर बैठा था। इस दौरान उसे संदिग्ध हालात में गोली लग गई। गोली उसके सीने में लगने की बात सामने आई है। गंभीर रूप से घायल नितिन को तीन युवक कार से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने की जानकारी मिलते ही तीनों युवक कार छोड़कर मौके से फरार हो गए।

मृतक के परिजनों का आरोप है कि नितिन का अपने मालिक से करीब एक लाख रुपये को लेकर विवाद चल रहा था और उसी विवाद में उसे गोली मारी है। कुछ लोग इसे लेनदेन के तनाव में आत्महत्या का मामला भी बता रहे हैं। फिलहाल पुलिस दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है।

> घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। मामले की गहन छानबीन की जा रही है। तमंचा बरामद हुआ है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –**पवन गौतम**, एएसपी पूर्वी।

घटना की सूचना मिलते ही पवन गौतम (एएसपी पूर्वी) और शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। मृतक के घर जाकर परिजनों से जानकारी जुटाई। पुलिस को मौके से तमंचा मिला है। गोली लग गई। गोली उसके सीने में लगने की बात सामने आई है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच में जुटी है।

# तिलकोत्सव में हर्ष फायरिंग से पांच घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव महमदपुर निवासी सुरेंद्र मिश्रा के बेटे सुभनीत का गुरुवार को तिलक था। कार्यक्रम में दोनों पक्षों की ओर से हर्ष फायरिंग की होड़ लग गई और करीब 20 राउंड फायर किए गए। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, एक व्यक्ति द्वारा दोनाली बंदूक से फायरिंग की जा रही थी। तभी बंदूक की नाल खुल गई, जिससे चली गोली की चपेट में गांव के सत्य प्रकाश का पुत्र अंकित, बांके का पुत्र टापू, नरेंद्र का पुत्र हरगोविंद, रामनाथ का पुत्र गुड्डू तथा देव प्रकाश की पुत्री अंजलि आ गए। घटना के बाद परिजन तत्काल घायलों को निजी चिकित्सक के पास ले गए। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# ठेकेदार ने गन्ना समिति अध्यक्ष को दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता, भीरा

**अमृत विचारः** सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

समिति अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि समिति के उप खाद गोदाम बिजुआ परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य कराया जा रहा है। साथ ही भीरा-लखीमपुर हाईवे से गोदाम तक सड़क पर भी इंटरलॉकिंग हो रही है, जिसमें मानकों के अनुरूप सामग्री का प्रयोग नहीं किया हो रहा था। इस संबंध में 19 फरवरी को उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह तथा उप गन्ना आयुक्त एवं गन्ना आयुक्त, उत्तर प्रदेश से शिकायत की थी। गन्ना आयुक्त ने विभागीय जांच कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। 20 फरवरी को जांच के दौरान उन्हें भी बुलाया था। आरोप है कि वह पहुंचे तो ठेकेदार आपा खो बैठा और शिकायत का परिणाम बताते हुए उन्हें देख लेने और जान से मारने की धमकी देने लगा। घटना के समय जांच कमेटी के सदस्य डॉ. राजीव कुमार, अच्छेलाल भारती, सुरेश चौधरी तथा वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर भी मौजूद थे। अध्यक्ष का कहना है कि धमकी दिए जाने के बावजूद किसी ने हस्तक्षेप नहीं किया। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है।

# महिला चिकित्सक पर लगाया भूमि कब्जाने का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तहसील तिलहर के धुवला करीमनगर निवासी अरविन्द कुमार ने डीएम को पत्र देकर महिला चिकित्सक पर भूमि कब्जाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। पत्र में कहा कि एक किता आराजी गाटा सं 110 क ग्राम धरनीधरपुर परगना जमौर तहसील सदर में 160 वर्गमीटर भूमि रामदास व रामसेवक पुत्र मुकुट निवासी ग्राम पिपरौला अहमदपुर परगना जमौर से क्रय की थी। पीड़ित अपनी जमीन पर हदबन्दी करने गया तो वहां मेडिकल कालेज में तैनात महिला चिकित्सक का नौकर विरोध करने लगा। उसकी भूमि के पास में ही महिला चिकित्सक भी भूमि है। जिस कारण पीड़ित की भूमि पर भी महिला चिकित्सक की नीयत खराब है और कब्जा करना चाहती है।

# मानदेय बढ़ने से अनुदेशक व शिक्षामित्रों में उत्साह

- पहली अप्रैल से नई दरें लागू शिक्षा कर्मियों ने जताया आभार
- शिक्षामित्रों का 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार किया जाएगा मानदेय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार द्वारा मानदेय में की गई वृद्धि से खीरी जिले के अनुदेशक एवं शिक्षामित्रों में उत्साह का माहौल है। योगी आदित्यनाथ की घोषणा के अनुसार 1 अप्रैल से अनुदेशकों का मानदेय 9,000 से बढ़ाकर 17,000 रुपये और शिक्षामित्रों का 10,000 से बढ़ाकर 18,000 किया जाएगा।

जिले के विभिन्न ब्लॉकों में कार्यरत अनुदेशक और शिक्षामित्रों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे लंबे समय से चली आ रही मांग की पूर्ति बताया। अनुदेशक संघ के जिला मंत्री कृष्णा त्रिपाठी ने कहा कि बढ़ा हुआ मानदेय न केवल आर्थिक राहत देगा, बल्कि परिवार की जरूरतों को पूरा करने में भी सहायक होगा। खासतौर पर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षाकर्मियों के लिए यह निर्णय बड़ी राहत लेकर आया है।

अनुदेशक मुकेश सिंह तोमर ने कहा कि संघ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से अभिनंदन करता है। मुख्यमंत्री की यह घोषणा निश्चित रूप से शिक्षा परिवार के सम्मान व उनके समर्पण का आदर करने वाला ऐतिहासिक निर्णय है। निघासन के अनुदेशक संघ के पदाधिकारी ललित कुमार राठौर ने कहा कि संघ काफी समय से मानदेय बढ़ाए जाने की मांग कर रहा था। मुख्यमंत्री ने मानदेय में बढ़ोत्तरी कर हजारों अनुदेशक साथियों के जीवन में आर्थिक संबल प्रदान किया है। शिक्षा मित्र गगन अग्रवाल ने कहा कि मानदेय बढ़ने से शिक्षा मित्र विद्यालयों में और अधिक मनोयोग व समर्पण के साथ कार्य कर सकेंगे। कंपोजिट विद्यालय लुधौरी विकास क्षेत्र निघासन के शिक्षा मित्र संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि इससे प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण मजबूत होगा और विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। अनुदेशक एवं शिक्षामित्र संगठनों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला शिक्षा परिवार के सम्मान और उनके योगदान की सराहना का प्रतीक है। जिले भर में इस घोषणा के बाद खुशी का माहौल देखा जा रहा है।


ललित कुमार राठौर।


गगन अग्रवाल।


मुकेश सिंह तोमर।


कृष्णा त्रिपाठी।


संजीव श्रीवास्तव।

आवश्यकता है
● कंप्यूटर ऑपरेटर
(MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
● नर्स ANM/GNM
● पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
● आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
● रसोइया ● वार्ड बॉय
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र छोटे शाह व उसके परिवार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों (अन्य पुत्र व उनके परिवार) से कोई वास्ता नहीं होगा। **खातून पत्नी स्व. श्री जफर शाह निवासी ग्राम घुर समसपुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली।**

सूचना
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम नवाब पुत्र मिया जान एवं जन्मतिथि 10.06.1989 अंकित है जो अशुद्ध है मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम नवाब पुत्र मियाजान (NAWAB S/O MIYAJAAN) निवासी मोहल्ला नं0 8, साहबगंज, बिल्सी एवं मेरी जन्मतिथि 01.01.1989 अंकित है जो सही है भविष्य में मुझे इसी नाम, पते से जाना व पहचाना जाये

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

